हरिभूमि
# रायगढ़-जशपुर भूमि
बिलासपुर, गुरुवार 3 जुलाई 2025

तापमान
अधिकतम 36.0 डिग्री
न्यूनतम 26.0 डिग्री

4
कच्ची नाली निकाल कर जल भराव को किया गया नियंत्रित



[ खरसिया | सारंगढ़ | घरघोड़ा | धरमजयगढ़ | पुसौर | बरमकेला | लैलूंगा | तमनार ]

### मंगलवार को हुई बारिश ने निगम के दावों की खोली पोल, शहर का ड्रेनेज सिस्टम फेल

# निगम कह रहा वार्डों में पूरी हो चुकी है नाला, नालियों की सफाई, बारिश में डूब रहे मोहल्ले, घरों में घुस रहा पानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

निगम प्रशासन कह रहा है कि बारिश से पहले ही शहर के सभी वार्डों में नाला-नालियों की सफाई पूरी हो चुकी है, जबकि कुछ घंटों की बारिश में ही कई वार्डों के मोहल्ले डूब रहे हैं और लोगों के घरों में बारिश के पानी के साथ-साथ नालियों का गंदा पानी भी घुस रहा है। मंगलवार को हुई बारिश ने निगम प्रशासन के दावों की पोल खोल कर रख दी है। इससे साफ जाहिर होता है कि शहर का ड्रेनेज सिस्टम पूरी तरह फेल है।

दरअसल मंगलवार को दोपहर करीब तीन बजे अचानक मौसम में बदलाव हुआ और झमाझम बारिश शुरू हो गई थी। यह बारिश रात करीब 9 बजे तक लगातार होती रही, जिससे पूरा शहर पानी-पानी हो गया था। शहर के गली-मोहल्लों सहित नीचले इलाकों में पानी भर जाने से जन-जीवन अस्त व्यस्त हो गया था। कुछ घंटों की बारिश ने निगम प्रशासन के नाला सफाई के दावों पर सवालिया निशान खड़ा कर दिया है। निगम द्वारा हर साल बरसात के पहले नालियों की सफाई व सुधार के नाम पर लाखों रुपए खर्च करने का दावा किया जाता है, लेकिन इसके बाद भी स्थिति में कभी सुधार नहीं होता। क्योंकि नालियां जाम होने के कारण बरसात के चलते सारा गंदगी सडक़ पर तो आ ही रहा है, साथ ही लोगों के घरों में भी घुस रहा है। इस तेज बारिश में बेलादुला भोलेनगर, गुलमोहर कॉलोनी, गोपी टाकीज रोड, माल धक्का रोड, राम निवास टाकीज रोड, संजय कांप्लेक्स सहित कई वार्ड जलमग्न हो गए थे। ऐसे





## रामनिवास टाकीज रोड पर स्थित घर बने तालाब



इस बारिश से वार्ड क्रमांक 19 भी खासा प्रभावित हुआ। शहर के प्रमुख रामनिवास टाकीज रोड स्थित मकानों में बारिश के पानी के साथ-साथ नालों का पानी भी घर में घुस गया था। जिससे लोगों के घर किसी तालाब में तब्दील हो गए थे और घर के सामान पानी में तैरते नजर आए। स्थानीय लोगों की मानें तो यहां के बड़े नाले की सफाई के लिए नगर निगम से 5 लाख रुपए की स्वीकृति मिली थी। उसमें सफाई के नाम पर सिर्फ खानापूर्ति की गई है, नाले से पूरा मलबा निकालने से नाला जाम हो रहा है। लोगों की मानें तो इसी नाले में सुभाष चौक, संजय मार्केट, गांधी प्रतिमा, श्याम टाकीज, गर्ल्स कॉलेज क्षेत्र का पानी आता है, जोकि लोड बढ़ने से राजमहल होटल के पास स्थित नाले से सड़क पर बह कर लोगों के घरों में घुसता है।

## शहर में जलभराव का यह है प्रमुख कारण, निगम नहीं कर सका निराकरण

### जाम नालियां

शहर के सभी वार्डों में नालियां जाम हैं, नालियों में मलबा का अंबार भरा हुआ है। लोगों द्वारा बार-बार वार्ड पार्षद से निवेदन करने पर निगम के सफाई कर्मचारी गली-मोहल्लों में नालियों की सफाई के लिए आते तो हैं, लेकिन उपर-उपर से मलबा उठा कर खानापूर्ति करते हुए चले जाते हैं, जिससे मलबा पूरी तरह साफ नहीं हो पाता। यही कारण है बारिश में नालियां उफान पर रहती हैं और नालियों का गंदा पानी सड़क पर बहते हुए लोगों के घरों में घुसता है।

### नालियों पर कब्जा

शहर के गोपीटाकीज मार्ग, सुभाष चौक, संजय मार्केट, केवड़ाबाड़ी, रामनिवास टाकीज रोड सहित कई इलाके ऐसे हैं, जहां स्थानीय लोगों, दुकानदारों द्वारा नालियों के उपर कब्जा करके उसमें निर्माण कार्य करा दिया गया है। जिससे इन नालियों की कभी सफाई नहीं हो पाती है। इसका परिणाम अब बारिश में देखने को मिल रहा है। जाम नालियों की वजह से गंदगी बह कर सड़कों पर आ रहा है। इस ओर निगम द्वारा कभी कार्रवाई नहीं की जाती।

### नालियों की चौड़ाई कम

शहर के अधिकांश वार्डों में नालियां तो बनाई गई है, लेकिन उसकी चौड़ाई पर ध्यान नहीं दिया गया है। कुछ देर की बारिश में ही इन नालियों के उपर से पानी बहने लगता है। वहीं चौड़ाई कम होने से नालियां जल्दी जाम होती है। नगर निगम में इतने अनुभवी इंजीनियरों के होने के बाद भी नाली निर्माण में इस तरह की लापरवाही लोगों के समझ नहीं आ रही है। शहर के इस गंभीर मुद्दे पर आवाज उठाने के बजाय विपक्ष ने भी मौन साध लिया है।

बेलादुला भोलेनगर में कॉलोनी बन रही है, लेकिन यहां पानी निकासी की कोई व्यवस्था नहीं की गई है। पहले यह समतल मैदान था तो पानी सोख लेता था, लेकिन अब पानी सड़क पर बह रहा है। इसके अलावा स्टेडियम, बंग्लापारा तरफ का पानी भी यहीं आकर रूक रहा है। मेरे द्वारा शिकायत करने पर महापौर मौके पर आए थे। उनके द्वारा बेलादुला, गुलमोहर और बंगलापारा तरफ नाली बनाने की बात कही गई है। वहीं निगम के इंजीनियर को साइट का निरीक्षण करते हुए 8 जुलाई तक लेआउट देने निर्देशित किया गया है।

अजय शंकर मिश्रा
पार्षद, वार्ड क्रमांक 21

## भोलेनगर डूबा, टीम के साथ जायजा लेने पहुंचे महापौर



दरअसल वार्ड क्रमांक 21 बेलादुला भोलेनगर के पास कॉलोनी बन रही है, जहां पानी निकासी की कोई व्यवस्था नहीं की गई है। पूर्व में जब यह खाली मैदान था तो बारिश का पानी सोख लेता था, लेकिन अब निर्माण हो जाने से पानी सड़क पर बह रहा है। इसके अलावा स्टेडियम, बंग्लापारा क्षेत्र का पानी भी यहीं आकर रूक रहा है। यही कारण है कि मंगलवार को भोलेनगर से देवलाश चौक तक पूरे इलाके में कमर से उपर तक पानी भर गया था। जिससे इस क्षेत्र में रहने वाले लोगों का आवागमन बंद हो गया था। इसके बाद वार्ड पार्षद ने मामले की जानकारी महापौर जीवर्धन चौहान को दी। सूचना मिलते ही महापौर निगम अमले के साथ मौके पर पहुंचे और प्रभावित क्षेत्रों व घरों का जायजा लिया। उनके द्वारा पार्षद व वार्डवासियों को आवश्वासन दिया गया है कि यहां पांच नालियों का गहरीकरण व डायवर्ट कर दो अलग से नाली बनाया जाएगा, जिसे मरीन ड्राइव के नाली से जोड़ा जाएगा। इस संबंध में महापौर द्वारा निगम के इंजीनियरों को जल्द ही समस्या का निराकरण करने निर्देशित किया गया है।

### सीधी बात : शिव यादव, स्वास्थ्य प्रभारी, नगर निगम

**सवाल :** सभी वार्डों के गली-मोहल्लों में क्या नाला-नालियों की सफाई हो गई है?
**जवाब :** बारिश के पहले ही शहर के सभी वार्डों में नाला-नालियों की सफाई पूरी कर ली गई है।
**सवाल :** जब नाला-नालियों की सफाई पूरी हो गई है, तब कुछ ही घंटों की बारिश में कैसे ड्रेनेज सिस्टम फेल हो रहा है?
**जवाब :** नालियां कहीं भी जाम नहीं है, 5-6 घंटे लगातार बारिश के कारण सड़कों पर पानी भर गया था।
**सवाल :** वार्ड क्रमांक 21 बेलादुला भोलेनगर में जलभराव हो गया था?
**जवाब :** वहां गुलमोहर कॉलोनी वाले दीवार खड़ा कर दिए हैं, इसलिए ऐसा हुआ, दीवार में छेद करके पानी को निकाला गया है।
**सवाल :** रामनिवास टाकीज रोड में भी लोगों के घरों में नाली का गंदा पानी घुस गया था।
**जवाब :** वहां नाला का सफाई तो कराए हैं, लेकिन ज्यादा पानी गिरेगा तो जलभराव तो होगा ही।

### मरीन ड्राइव डूबा, ये वार्ड भी प्रभावित

कुछ घंटों की बारिश में चक्रपथ से कयाघाट की ओर जाने वाला न्यू मरीन ड्राइव भी डूब गया था। नालियां जाम होने और निकासी की व्यवस्था नहीं होने पर सारा पानी सड़क पर ही जाम हो गया था। इस मार्ग में घुटने भर से अधिक पानी भरने से आवागमन करने वालों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। मरीन ड्राइव किनारे रहने वाले लोग भी पानी खाली नहीं होने तक अपने घरों में कैद हो गए थे। इसके अलावा वार्ड क्रमांक 28 में भी जलभराव की जानकारी मिली थी।

### रेलवे ट्रैक पर आ सकता था पानी

निगम सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार वार्ड क्रमांक 38 में रेलवे ट्रैक के पास स्थित नाला भी बारिश में उफान पर था, जिससे अगर कुछ घंटे और बारिश होती तो ट्रैक पर पानी भर सकता था, जिसे देखते हुए बुधवार को रेलवे द्वारा जेसीबी के सहारे नाला सफाई किया गया, क्योंकि अगर रेलवे के अधिकारी निगम के भरोसे रहते तो ट्रैक पर पानी भरना तय था, जिससे कोई अनहोनी घटना भी घटित हो सकती थी।

### प्रदेश में अगले पांच दिन झमाझम बारिश की है संभावना

प्रदेश में मानसून ने दस्तक दे दी है और मौसमी सिस्टम के सक्रिय होने से पूरे प्रदेश में बारिश की संभावना बनी हुई है। मौसम विभाग के अनुसार अगले पांच दिनों तक राज्य के विभिन्न हिस्सों में हल्की से मध्यम बारिश के साथ कुछ स्थानों पर भारी वर्षा हो सकती है। खासकर उत्तरी छत्तीसगढ़ में भारी बारिश की संभावना अधिक है। मौसम विभाग के अनुसार पड़ोसी राज्य झारखंड के अलावा आसपास के इलाके में निम्न दाब का क्षेत्र बना है। यह 5.8 किलोमीटर ऊंचाई तक है। अब यह सिस्टम धीरे-धीरे पश्चिम-उत्तर-पश्चिम दिशा में बढ़ रहा है।

## खबर संक्षेप

### डेंगू से निबटने अभी से शुरू करें कार्य : कमिश्नर

**रायगढ़।** बरसात का मौसम शुरू हो गया है। विभिन्न स्थानों पर जल भराव की स्थिति भी निर्मित होगी। इससे डेंगू का सोर्स मच्छर पैदा होगा और डेंगू बढ़ने का खतरा शुरू होगा। इससे निबटने अभी से ही कार्य शुरू करना होगा सभी अपने-अपने क्षेत्र का सतत निरीक्षण करें और संबंधित जल भराव क्षेत्र पर दवा छिड़काव संबंधित कार्य करें। उक्त बातें कमिश्नर बृजेश सिंह क्षत्रिय ने बुधवार की शाम निगम सभाकक्ष में आयोजित निगम स्वास्थ्य विभाग की बैठक में कही। उन्होंने कहा कि शहर के वार्ड क्रमांक 12, 13, 17, 18, 19 एवं 20 डेंगू संक्रमित क्षेत्र है यहीं से ही सबसे ज्यादा डेंगू के संक्रमण के केस आते हैं। इन क्षेत्रों में सबसे पहले यहां के सफाई दरोगा और सुपरवाइजर को जल भराव स्थान की निगरानी, दवा छिड़काव और डेंगू से बचाव के पूर्ण सावधानी अभी से बरतने संबंधित कार्य करने होंगे।

### किसानों को 14 हजार एमटी खाद का वितरण

**रायगढ़।** रायगढ़ जिला अंतर्गत सहकारिता क्षेत्र में कृषकों को अधिक से अधिक खाद एवं बीज प्रदाय करने के संबंध में लगातार शासन तथा प्रशासन द्वारा प्रयास किया जा रहा है। जिले के कुल 69 सहकारी समितियों के माध्यम से खरीफ वर्ष 2025 में खाद का अग्रिम भण्डारण करते हुए खाद वितरण का कार्य किया जा रहा है। रायगढ़ जिले में विरूद्ध 18945 टन खाद का भण्डारण समितियों द्वारा किया जा चुका है तथा 14419 मैट्रिक टन खाद का वितरण लगभग 20 हजार किसानों को किया जा चुका है। वर्तमान में 5000 मैट्रिक टन खाद समितियों में शेष है, साथ ही बीज निगम के माध्यम से प्रमाणित बीज भी समितियों के माध्यम से कृषकों को उपलब्ध कराया जा रहा है। कुल लक्ष्य 29417 क्विंटल के विरूद्ध 25000 क्विंटल बीज का भण्डारण कराया जा चुका है तथा 16500 क्विंटल बीज का वितरण कृषकों को किया जा चुका है। कृषकों के मांग के अनुरूप खाद का भण्डारण कर कृषकों को वितरण किया जा रहा है। उप संचालक कृषि अनिल वर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि लगातार दुकानों एवं व्यापारियों के खाद के स्टॉक की जांच करने तथा कृषकों को शासन द्वारा निर्धारित दर पर खाद विक्रय के संबंध में निरीक्षण किया जा रहा है। जिससे खाद की काला बाजारी न हो तथा कृषकों को सही गुणवत्ता के खाद एवं बीज मिल सके।

### जिले में 244 मिमी औसत वर्षा दर्ज

**रायगढ़।** चालू वर्षा मौसम में रायगढ़ जिले में 2 जुलाई तक 244 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गई है। बीते 24 घंटे में जिले में 43.9 मिली मीटर औसत वर्षा हुई है। भू.अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार अब तक जिले के रायगढ़ तहसील में 255 मिली मीटर, पुसौर में 261.9, खरसिया में 174, घरघोड़ा में 292.7, तमनार में 149.7, लैलूंगा में 256.8, मुकडेगा में 332.8, धरमजयगढ़ में 219.7, छाल में 171.1 एवं कापू में 326 मिली मीटर वर्षा दर्ज की गई है।

### 24 घंटे के भीतर अपहृत बालक को किया बरामद

**जांजगीर-चांपा।** 24 घंटे के भीतर अपहृत बालक को दुर्ग से सकुशल बरामद किया गया है। मामला अकलतरा थाना क्षेत्र का है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार 17 वर्षीय नाबालिक बालक 30 जून को दोपहर लगभग 12.30 बजे अपने दोस्त के घर जाने के लिए निकला था, जो समय पर वापस घर नहीं आने पर कोई अज्ञात व्यक्ति द्वारा बहला फुसला कर भगाकर ले गया होगा कि सूचना रिपोर्ट पर थाना अकलतरा में धारा 137(2) बीएनएस कायम कर विवेचना में लिया गया। इसी क्रम में अपहृत बालक का सायबर तकनीकी के माध्यम से पता चला कि जिला दुर्ग तरफ में होने जिस पर तत्काल टीम दुर्ग पहुंचकर अपहृत बालक को सकुशल बरामद किया गया।

## पतरापाली महलोई के प्राथमिक शाला में दो शिक्षक हुए पदस्थ

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

विकासखंड तमनार के ग्राम पतरापारा महलोई स्थित शासकीय प्राथमिक शाला में शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने की दिशा में एक राज्य शासन द्वारा महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। कल तक जहां यह विद्यालय एकल शिक्षकीय व्यवस्था पर निर्भर था, वहीं अब शासन की युक्तियुक्तकरण योजना के तहत यहां दो शिक्षकों की पदस्थापना की गई है। इस कदम से न केवल विद्यालय का शैक्षणिक वातावरण बेहतर हुआ है, बल्कि बच्चों और अभिभावकों में भी नई ऊर्जा और उत्साह का संचार हुआ है।

विद्यालय में फिलहाल कक्षा 1 से 5 तक कुल 78 विद्यार्थी पंजीकृत हैं। पूर्व में एकल शिक्षक व्यवस्था के कारण पढ़ाई की गुणवत्ता और निरंतरता प्रभावित हो रही थी। एक ही शिक्षक को सभी कक्षाओं को संभालना पड़ता था, जिससे बच्चों को विषयवार मार्गदर्शन मिलना कठिन हो रहा था, लेकिन अब दो शिक्षकों की मौजूदगी से कक्षा संचालन में स्पष्ट सुधार देखा जा रहा है। बच्चों को अब उनकी कक्षानुसार समयबद्ध और बेहतर शैक्षणिक माहौल मिल रहा है। अपने बच्चे को स्कूल छोडऩे आयी अभिभावक श्रीमती प्रमिला परजा ने राज्य शासन की युक्तियुक्तकरण नीति की सराहना करते हुए कहा कि यह बदलाव गांव के बच्चों के भविष्य को नई दिशा देने वाला है। विद्यालय में शिक्षकों की पदस्थापना से बच्चों में पढ़ाई के प्रति रूचि बढ़ी है। अब बच्चे घर आकर स्कूल की गतिविधियों के बारे में उत्साहपूर्वक बताते हैं।

## किताब के लिए सुबह 6 बजे से कतार, फिर भी नहीं आती बारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

जिले के सरकारी स्कूलों में नए सत्र की शुरुआत हो चुकी है, लेकिन शिक्षकों के लिए सत्र की शुरुआत संघर्ष से भरी साबित हो रही है। पाठ्यपुस्तकों के वितरण को लेकर शिक्षकों को बुक डिपो में घंटों इंतजार करना पड़ रहा है।

■ बुक डिपो की व्यवस्था से परेशान शिक्षक, घंटों इंतजार के बाद भी खाली हाथ लौटने को मजबूर

स्थिति यह है कि शिक्षक सुबह 6 बजे से ही कतार में लग जाते हैं लेकिन अव्यवस्थित व्यवस्था के चलते देर रात तक भी कई बार उनका नंबर नहीं आता।

शहर के कबीर चौक स्थित बुक डिपो में किताबों की आपूर्ति तो है, लेकिन वितरण की प्रक्रिया बेहद धीमी और अव्यवस्थित है। शिक्षक रोज सुबह जल्दी पहुंचते हैं ताकि किताबें समय पर ले सकें और छात्रों को पढ़ा सकें, लेकिन घंटों इंतजार के बाद भी खाली हाथ लौटना उनकी मजबूरी बन गई है। बुधवार को जशपुर के प्राइवेट स्कूलों को किताब वितरण करना था। ऐसे में जशपुर और बगीचा से 102 स्कूलों के शिक्षक सुबह 6 बजे से किताब लेने पहुंच गए। लेकिन यहां पहुंचने के बाद उन्हें पता चला कि बुक डिपो अव्यवस्था का शिकार है। देखते ही देखते शाम बजे तक अधिकांश शिक्षको की नंबर नहीं लगी। ऐसे में वहां विवाद की स्थिति भी उत्पन्न हो गई थी।



### किताबों में क्यूआर कोड स्कैनिंग बना नई परेशानी

स्कूलों में समय पर पाठ्यपुस्तकें पहुंचाने की पुरानी चुनौती से निपटने के लिए अब विशेषज्ञों ने बुक ट्रैकिंग सिस्टम बनाया है। जिसके माध्यम से अब प्रत्येक सरकारी पुस्तक पर एक क्यूआर कोड लगाया गया है। जिससे पुस्तकों की छपाई से लेकर वितरण तक की पूरी प्रक्रिया पर निगरानी रखी जा रही है। लेकिन असल में यही सिस्टम बुक वितरण में सिरदर्दी बन रही है। शिक्षकों ने शिकायत की है कि क्यू आर कोड स्कैन करने पर या तो लिंक ओपन नहीं हो रहा, या फिर जो सामग्री उपलब्ध है वह समझ से परे है। इंटरनेट की कमजोर कनेक्टिविटी के कारण बुक वितरण में काफी दिक्कत हो रही है।

### अंधेरे में हो रहा किताबों का वितरण

कबीर चौक स्थित बुक डिपो में पर्याप्त बिजली की व्यवस्था नहीं है। जबकि हर रोज यहां से लाखों की संख्या में किताबों का वितरण हो रहा है। डिपो में सिर्फ दो बल्ब हैंए जिसकी रोशनी में किताबों की छटाई से लेकर स्कैनिंग हो रही है। शिक्षको ने शिकायत भरे लहजे में कहा कि इस समस्या का समाधान करने की जरूरत है।

### तीन जिलों में पहुंच रही किताब

रायगढ़ के बुक डिपो से रायगढ़ जिले के अलावा, जशपुर और सारंगढ़ जिले के स्कूलों में भी किताब पहुंच रहे हैं। हर दिन अलग अलग जिलों के ब्लॉक से स्कूलों का नंबर लगता है। बुधवार को जशपुर जिले के बगीचा और जशपुर के 104 स्कूलों को किताब दिया गया। इसी तरह गुरुवार यानि आज फरसाबहार और पत्थलगांव के 111 स्कूलों को किताब दिया जाना है।

### कानून व्यवस्था और आपसी सौहार्द बनाए रखने के दिए निर्देश

## मुहर्रम को लेकर कंट्रोल रूम में शांति समिति की बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़



आगामी 6 जुलाई रविवार को मनाए जाने वाले मुहर्रम पर्व को लेकर पुलिस कंट्रोल रूम में शांति समिति की अहम बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आकाश मरकाम ने की, जिसमें मुस्लिम समुदाय के सक्रिय सदस्यगण, जनप्रतिनिधि, पार्षद व प्रशासनिक अधिकारी शामिल हुए।

बैठक में मुहर्रम के दौरान शहर के किन-किन क्षेत्रों से ताजिया और अखाड़ों के जुलूस निकाले जाएंगे, इस संबंध में विस्तार से चर्चा की गई। अधिकारियों ने अखाड़ों में शस्त्रों के प्रदर्शन तथा ध्वनि यंत्रों के उपयोग पर शासन द्वारा जारी नियमों का पालन करने के निर्देश दिए। सलीम नियारिया, नेता प्रतिपक्ष द्वारा चांदनी चौक और ताजिया मार्ग पर सुचारु यातायात व्यवस्था और साफ-सफाई सुनिश्चित कराने की मांग की गई। अधिकारियों ने आश्वस्त किया कि जुलूस मार्गों पर विशेष सफाई अभियान चलाया जाएगा तथा यातायात व्यवस्था को दुरुस्त रखने पुलिस बल एवं वालंटियर की तैनाती रहेगी। साथ ही आपात स्थिति के मद्देनजर मोबाइल एम्बुलेंस की भी व्यवस्था की जाएगी। बैठक में सभी ने सामूहिक सहयोग से पर्व को शांतिपूर्ण और व्यवस्थित रूप से संपन्न कराने का संकल्प लिया। पुलिस प्रशासन द्वारा किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न देने तथा आपसी सौहार्द बनाए रखने की अपील की गई।

### रहेगी व्यापक पुलिस व्यवस्था

एएसपी श्री मरकाम ने कहा कि पुलिस द्वारा कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए व्यापक सुरक्षा व्यवस्था रहेगी। साथ ही ताजिया व अखाड़ा आयोजकों से अपील की गई कि वे अपनी समिति स्तर पर वालंटियर नियुक्त करें जो जुलूस के दौरान अनुशासन और समन्वय में सहयोग करें।

### बैठक में ये रहे उपस्थित

बैठक में एसडीएम रायगढ़ महेश कुमार शर्मा, नगर पुलिस अधीक्षक अनिल विश्वकर्मा, डीएसपी ट्रैफिक उत्तम प्रताप सिंह, तहसीलदार शिवकुमार डनसेना, नगर निरीक्षक सुखनंदन पटेल, प्रशांत राव, अमित शुक्ला, मोहन भारद्वाज, नायब तहसीलदार शुभम कुमार सहित मोहम्मद नवाब नब्बू वार्ड पार्षद, आरिफ हुसैन, नरेश पटेल, राजकुमार पटेल, अमर पांडे, वसीम खान, शेख अब्दुल्लाह, वारिस खान, इमरान अलीए शेख उबैद, मोहम्मद शाहिद हुसैन, जाकिर अली, फराज खान आदिल, असगर खान उर्फ गुलाब खान, मोहम्मद अख्तर, निसार अली, सैयद इफ्तेखार, मरूद खान, अमान कुरैशी, गुलाम जिलानी, मोहम्मद सिराज, मोहम्मद शमशीद, मोहम्मद रेहान, नरीहद अख्तर, इरशाद रजा, मोहसीब सहित अन्य सदर व समिति प्रमुख उपस्थित रहे।

## कोतरारोड़ पुलिस ने दुष्कर्म के आरोपी को पकड़ा

**रायगढ़।** कोतरारोड़ थाना क्षेत्र में महिला से दुष्कर्म करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है। मामले के संबंध में पीड़िता ने रविवार को लिखित आवेदन देकर रिपोर्ट दर्ज कराई, जिसमें बताया कि उसका पति रोजाना सुबह काम पर जाते हैं और देर शाम घर लौटते हैं। 8 मई की सुबह जब वह अकेली थी और बाड़ी में काम कर रही थी उसी दौरान गांव का सागर सिदार वहां आया और उसे खींचते हुए घर के अंदर कमरे में ले जाकर जबरन दुष्कर्म किया। पीड़िता ने घटना की जानकारी उसी रात अपने पति को दी थी, लेकिन लोकलाज और आरोपी की धमकियों के डर से उस समय पुलिस में शिकायत दर्ज नहीं कराई। 30 जून की शाम आरोपी सागर सिदार फिर पीड़िता के घर पहुंचा और पूर्व की घटना को लेकर उसे दोबारा धमकी दी। इससे आहत होकर पीड़िता ने साहस जुटाकर थाना कोतरारोड़ में रिपोर्ट दर्ज कराई। ऐसे में पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज किया। रिपोर्ट के बाद पुलिस ने पीड़िता का कथन लेकर मेडिकल परीक्षण कराया। इसके बाद पुलिस टीम ने तत्काल दबिश देकर आरोपी सागर सिदार उर्फ खीरसागर को गिरफ्तार किया।



## खबर संक्षेप

### महापौर ने किया जल भराव क्षेत्र का निरीक्षण



**रायगढ़।** मंगलवार की शाम हुई तेज बारिश से शहर के विभिन्न स्थानों पर जल भराव की स्थिति निर्मित हो गई थी। इस पर महापौर जीवर्धन चौहान ने निरीक्षण कर अधिकारियों को राहत कार्य पहुचाने के निर्देश दिए। वर्तमान में बारिश तेज हो गई है। इससे शहर के निचले स्तर पर जल भराव होने की शिकायत भी आ रही है। मंगलवार को हुई बारिश के कारण शहर के विभिन्न मोहल्ले में पानी भरने की शिकायत मिल रही थी। इसपर महापौर श्री चौहान एवं पार्षदगण ने बेलादूला, खेतपारा, बंगला पारा, नवापारा, काशीराम चौक क्षेत्र का निरीक्षण किया।

### आदिम जाति सेवा सहकारी समिति का पौधरोपण

**जशपुरनगर।** अंतराष्ट्रीय सहकारिता दिवस वृक्षारोपण कार्यक्रम का हुआ आयोजन सहायक आयुक्त सहकारिता, जिला जशपुर द्वारा अंतराष्ट्रीय सहकारिता दिवस को मनाने हेतु 1 से 5 जुलाई तक विस्तृत कार्ययोजना जारी किया गया है। कार्ययोजना अनुसार 1 जुलाई मंगलवार को आदिम जाति सेवा सहकारी समिति गम्हरिया, दुलदुला एवं आरा में पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया है। साथ ही समिति में साफ-सफाई कार्यक्रम एवं आदर्श उपविधि का वाचन भी किया गया। उक्त कार्यक्रम में सहकारिता विभाग एवं अपेक्स बैंक तथा सहकारी समितियों के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

### मेहता प्वाईंट की खाई में गिरी कार, चार घायल

**अम्बिकापुर।** मैनपाट घूमने गए पर्यटकों से भरी कार मेहता प्वाईंट के करीब लगभग 50 फीट गहरे खाई में जा गिरी। प्रत्यक्ष दर्शियों के अनुसार कार की रफ्तार अधिक होने से ड्रायवर कार को नियंत्रित नहीं कर सका और सीधे 50 फीट गहरे खाई में जा गिरी। इस हादसे में कार में सवार चार लोगों को गंभीर चोटें आई हैं जिन्हें रेस्क्यू कर नर्मदापुर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सूचना मिलते ही कमलेश्वरपुर पुलिस मौके पर पहुंची और कार को बाहर निकालने कवायद कर रही है। घूमने गए सभी पर्यटक अम्बिकापुर के रहने वाले बताए जा रहे हैं।

### कार सड़क किनारे खेत में पलटी, बाल-बाल बचे सवार

**अम्बिकापुर।** राष्ट्रीय राजमार्ग 130 स्थित जजगा मोड़ पर बीती रात एक एक्सयूवी कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खेत में पलट गई। दुर्घटना मध्यरात्रि 1.30 बजे की बताई जा रही है। बीती रात बिलासपुर के पांच लोग एक्सयूवी कार से बिहार राज्य जा रहे थे। चालक तेज रफ्तार से कार चला रहा था। कार जैसे ही जजगा मोड़ पर पहुंची चालक को झपकी आ गई और कार अनियंत्रित होकर खेत में पलट गई। शोर सुनकर पहुंचे ग्रामीणों ने सभी सवारों को बाहर निकाला। गनीमत रही कि सभी सवार सुरक्षित बाहर निकले। सुबह ट्रैक्टर की मदद से कार को खेत से बाहर निकाला गया तथा यात्री अपने गंतव्य की ओर रवाना हुए।

### घर में अंग्रेजी शराब बिक्री कर रही महिला गिरफ्तार

**अम्बिकापुर।** घर में अवैध रूप से अंग्रेजी शराब बिक्री कर रही महिला को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने महिला के पास से ढाई हजार कीमत का अंग्रेजी शराब जब्त किया है। पुलिस ने आरोपी के विरूद्ध आबकारी एक्ट के तहत अपराध दर्ज कर न्यायालय पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया है। जानकारी के अनुसार क्षेत्र में गश्त कर रहे दरिमा पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम जमगवां निवासी महिला अपने घर में बड़ी मात्रा में अंग्रेजी शराब रख कर बिक्री कर रही है। सूचना पर पुलिस ने महिला के घर दबिश देकर उसके पास से ढाई हजार कीमत के 3.420 लीटर अंग्रेजी शराब जब्त किया। पुलिस ने शराब को जब्त कर महिला के विरूद्ध आबकारी एक्ट के तहत अपराध दर्ज किया है। कार्रवाई में सहायक उप निरीक्षक नेतराम पैकरा, प्रधान आरक्षक सुजीत पाल,महिला प्रधान आरक्षक ज्योति कुजूर, आरक्षक तेजराम भगत, अलोक कुजूर सक्रिय रहे।

# सचिव ने की स्व-सहायता समूह की महिलाओं से चर्चा, की सराहना

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

छत्तीसगढ़ शासन पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग सचिव भीम सिंह द्वारा मंगलवार को जिले में स्थापित मंथन फूड लैब और महुआ सेंटर का निरीक्षण किया गया और स्व सहायता समूह द्वारा संचालित कार्यों की भी जानकारी ली। उन्होंने कहा कि यह सुन्दर और प्राकृतिक दृष्टिकोण से बहुत अच्छा जिला हैं। यहां समूह को संगठित करके अधिक से अधिक रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं।

- मनोरा विकास खंड के ग्राम करडेग़ा और छतौरी गांव का भी निरीक्षण किया

जिला पंचायत सीईओ अभिषेक कुमार द्वारा समूह के द्वारा किए गए कार्य एवं जसप्योर उत्पाद पर चर्चा की गई । सचिव भीम सिंह ने उत्पादों के मार्केटिंग एवं अन्य सुविधाओं जिससे समूह की महिलाओं और यहां के किसानों को ज्यादा से ज्यादा लाभ हो सके उस संबंध में सहायता उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं। इस भ्रमण कार्यक्रम के दौरान पोषित मां खुड़िया रानी कृषक उत्पादक संगठन तथा जय जंगल फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी के अध्यक्ष एवं निदेशक तथा राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे। युवा वैज्ञानिक समर्थ जैन ने बताया कि किस तरह से महुआ उत्पादन के विभिन्न स्वाद जैसे महुआ लड्डू महुआ चाय एवं जशपुर में उत्पादित चाय के द्वारा अन्य 14 प्रकार के स्वादिष्ट चाय तैयार किया जा रहे हैं और जिसकी मांग राज्य भर में एवं राज्य से बाहर भी काफी है उन्होंने बताया कि ऑनलाइन बिक्री भी की जा रही है। सचिव भीम सिंह ने मनोरा विकास खंड के ग्राम करड़ेगा एवं छतौरी ग्राम पंचायत में स्थित जनमन कार्यक्रम अंतर्गत निर्मित विशेष पिछड़ी जनजाति पहाड़ी कोरवा परिवारों के पीएम जन-मन आवास का भी निरीक्षण किया किया और परिवार चर्चा करके छत्तीसगढ़ शासन के द्वारा दी जा रही योजनाओं की जानकारी ली। उन्होंने विशेष पिछड़ी जनजाति पहाड़ी कोरवा परिवारों के विकास के लिए स्वास्थ्य, आंगनबाड़ी और विशेष कर पहाड़ी कोरवा महिलाओं को स्व सहायता समूह से जोड़ने और आजीविका संवर्धन हेतु विशेष कार्य करने हेतु सभी विभागों को निर्देश दिए। विकासखंड मनोरा एवं बगीचा में विशेष पिछड़ी जनजाति पहाड़ी कोरवा परिवारों हेतु एक नई परियोजना प्रारंभ की जा रही है जिससे अत्यंत गरीब परिवार विशेष कर पहाड़ी कोरवा जनजाति के समेकित विकास के लिए कार्य किया जाएगा।



अच्छे कार्य के लिए स्व-सहायता समूह की महिलाओं को प्रशस्तिपत्र सौपते सचिव।



स्व-सहायता समूह की महिलाओं से जानकारी प्राप्त करते सचिव भीमसिंह।

## हाथीसार और बोरोकोना के जंगलों में दो बड़ी कार्रवाई

# फिर फंसे गौ-तस्कर,छुड़ाया गया 37 गौ-वंश

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

पुलिस ने एक बार फिर गौ-तस्करों पर बड़ी कार्रवाई करते हुए 37 गौवंशों को तस्करों के चंगुल से छुड़ाया है। दो अलग-अलग मामलों में पुलिस ने एक तस्कर को गिरफ्तार किया है, जबकि अन्य आरोपी अंधेरे और जंगल का फायदा उठाकर भागने में सफल हो गया। पुलिस की इस कार्रवाई को ऑपरेशन शंखनाद के तहत अंजाम दिया गया, जो जिले में सक्रिय गौ-तस्करों के खिलाफ चलाया जा रहा। अब तक इस अभियान के अंतर्गत 1100 से अधिक गौवंश मुक्त कराए जा चुके हैं और 128 तस्करों को न्यायिक हिरासत में भेजा जा चुका है।



पुलिस गिरफ्त में गौ तस्करी का आरोपी।



छापामार कार्रवाई में बरामद गौवंश।

**पहले मामले हाथीसार जंगल से 21 गौवंश बरामदः** 30 जून की रात सिटी कोतवाली पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि कुछ लोग हाथीसार जंगल के रास्ते भारी संख्या में गौवंशों को झारखंड ले जा रहे हैं। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी आशीष तिवारी के नेतृत्व में पुलिस टीम सक्रिय हुई और एसएसपी शशि मोहन सिंह को अवगत कराते हुए अभियान की अनुमति ली गई। पुलिस टीम ने रात के अंधेरे में जंगल में घेराबंदी की। कुछ दूर अंदर जाने पर टीम को दिखा कि करीब 21 नग गौवंशों को कुछ लोग बेरहमी से हांकते हुए ले जा रहे हैं। पुलिस को देखते ही तस्कर अंधेरे और पेड़ों की ओट लेकर भाग निकले। हालांकि उनकी पहचान कर ली गई है और गिरफ्तारी के प्रयास जारी है। मौके से बरामद सभी 21 गौवंशों को सुरक्षित बाहर लाया गया। पशु चिकित्सक की टीम मौके पर बुलाई गई और इलाज कराया गया।

**दूसरे मामले में 16 गौवंश बरामदः** 2 जुलाई की सुबह करीब 4 बजे मनोरा पुलिस को सूचना मिली कि कुछ लोग ग्राम बोरोकोना के रास्ते गौवंशों को पैदल झारखंड ले जा रहे हैं। एसएसपी के निर्देश पर चौकी प्रभारी दिनेश पुरैना के नेतृत्व में टीम गठित की गई। पुलिस ने ग्राम खरवाटोली के जंगल में घेराबंदी की। इस बार तस्कर पुलिस के हाथ चढ़ गया। आरोपी की पहचान गजिंदर लोहरा उम्र 38 वर्ष, निवासी गोविंदपुर, थाना जारी, गुमला – झारखंड के रूप में हुई है। पुलिस ने उसके कब्जे से 16 नग गौवंशों को सकुशल बरामद कर लिया। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह यह गौवंश अफसर खान निवासी ग्राम लोधमा के कहने पर गोविंदपुर ले जा रहा था।

## कांग्रेस सहप्रभारी जरिता ने किसान जवान संविधान कार्यक्रम की ली प्रेसवार्ता

**सारंगढ़।** सारंगढ़ विश्रामगृह में छत्तीसगढ़ कांग्रेस सह प्रभारी जारिता लैत फलांग ने किसान जवान संविधान कार्यक्रम को लेकर रायपुर में आयोजित जनसभा में पधार रहे राष्ट्रीय कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे जी के आगमन पर वृहत तैयारीयो को लेकर प्रेस वार्ता ली।

उन्होंने प्रेस वार्ता के माध्यम से सरकार की दमनकारी नीतियों को आड़े हाथों लिया। नगर के विश्रामगृह में प्रदेश कांग्रेस सह प्रभारी जरिता लैथफ्लांग वह जिला कांग्रेस कमेटी के द्वारा प्रेसवार्ता आहूत की गई। जिसमें लगभग 40 पत्रकार उपस्थित रहे। जरिता लैथफ्लांग ने पत्रकारों को बताया कि राजधानी में 7 जुलाई को होने वाली किसान, जवान, संविधान सभा की तैयारी को लेकर हमने पूरी ताकत झोंक दी है जिला सारंगढ़ से लगभग 2000 कांग्रेसी 7 जुलाई को राजधानी रायपुर में होने वाली किसान, जवान, संविधान सभा में अपनी उपस्थिति दर्ज करेंगे। जो पूरे प्रदेश के लिए एक ऐतिहासिक दिन होगी। सभा को कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, संगठन महामंत्री के वेणु गोपाल संबोधित करेंगे। जरिता ने कहां कि .प्रदेश में युक्ति युक्त करण के नाम पर स्कूलों को बंद किया जा रहा है छत्तीसगढ़ में पाठशाला कम और मधुशाला अधिक खुल रहे हैं। किसानों को खाद बीज उपलब्ध नहीं हो रहा है लोग डीएपी और यूरिया खाद के लिए भटक रहे हैं। सरकारी रेट से चार सौ गुना अधिक में डीएपी खाद खरीदने के लिए किसान मजबूर है। भाजपा की कथनी और करनी दोनों में जमीन आसमान का अंतर है उन्होंने कहा था कि किसानों को दोहरा लाभ पहुंचाएंगे और यहां किसानों को लाभ पहुंचाने के बजाय उनका खुल कर शोषण किया जा रहा है। मंत्रि पुत्र किसानों को अपनी गाड़ी के टायर में रौंद रहा है। बेरोजगार जवानों के साथ प्रतियोगी परीक्षा के नाम पर छलावा किया जा रहा है। संविधान की मूल आत्मा को चोट पहुंचाते हुए धीरे.धीरे खत्म किया जा रहा है। जिसके रक्षा के लिए जनजागरण के लिए सभा 7 जुलाई को रायपुर में आयोजित हो रही है।




- भाजपा सरकार में किसान, जवान संविधान की हो रही हत्या

## कट्टे की नोक पर लूट करने वाला गांजा तस्करी में गिरफ्तार

**जशपुरनगर।** कट्टे की नोक पर लूट कर चुका कुख्यात अपराधी अरुण कुमार नायडू एक बार फिर पुलिस के शिकंजे में है। इस बार वह गांजा तस्करी करते हुए रंगे हाथ पकड़ा गया। पुलिस ने ऑपरेशन आघात के तहत कार्रवाई करते हुए आरोपी को बोलेरो वाहन सहित दमेरा घाट में धर दबोचा। आरोपी के पास से 5 किलो 93 ग्राम मादक पदार्थ गांजा, जिसकी बाजार कीमत लगभग 75 हजार रुपए बताई जा रही है, तथा तस्करी में प्रयुक्त बोलेरो वाहन,कीमत 2 लाख रु. जब्त किया गया है।

पुलिस अधीक्षक शशि मोहन सिंह को 1 जुलाई को मुखबिर से सूचना मिली कि जशपुर का पुराना बदमाश अरुण नायडू अपने बोलेरो वाहन क्रमांक सीजी 13 यू 1260 से ओडिशा की ओर से गांजा लेकर जशपुर आ रहा है। इस पर तत्काल थाना सिटी कोतवाली से विपिन किशोर केरकेट्टा के नेतृत्व में पुलिस टीम रवाना की गई।



पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

### मामले में एंड तू एंड जांच की जा रही

एसएसपी शशि मोहन सिंह ने कहा कि पुलिस द्वारा ऑपरेशन आघात के अंतर्गत लगातार कार्रवाई की जा रही है। अरुण नायडू के विरुद्ध की गई कार्रवाई इसी अभियान का हिस्सा है। पूरे मामले की एंड टू एंड जांच की जा रही है। जो भी व्यक्ति इस तस्करी में शामिल पाए जाएंगे, उन्हें किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा।

## सोसायटी में खाद बीज की नहीं होनी चाहिए कमी : कलेक्टर

**सारंगढ़।** कलेक्टर डा. संजय कन्नौजे द्वारा कलेक्टोरेट सभाकक्ष में समय सीमा की बैठक में जिले के कार्यों का समीक्षा किया गया। इस अवसर पर जिले के अधिकारी उपस्थित थे। कलेक्टर ने बैठक में मुख्यमंत्री जनदर्शन, कलेक्टर जनदर्शन, जनशिकायत पोर्टल आदि से प्राप्त आवेदनों के निराकरण की स्थिति का अधिकारियों से जानकारी लेकर शीघ्र निराकरण के निर्देश दिए। बिना रिश्वत के राशन कार्ड बनाने के शिकायत पर कलेक्टर ने जिले के तीनों जनपद कार्यालय में राशन कार्ड के लिपिक का शाखा बदलने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने बैठक में सभी अधिकारियों को लक्ष्य के अनुरूप पौधारोपण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कार्यपालन अभियंता रमाशंकर कश्यप को जल जीवन मिशन के 5 से 10 प्रतिशत शेष सभी कार्यों को 15 जुलाई तक पूर्ण करने के निर्देश दिए।

गर्मी से बरसात का मौसम परिवर्तन के दौरान होने वाले मौसमी बीमारियों की रोकथाम के लिए कलेक्टर ने सीएमएचओ डा. एफ आर निराला को निर्देश दिए कि सभी सामुदायिक, प्राथमिक अस्पतालों में कार्यरत सभी स्वास्थ्य कर्मियों को मितानिन आदि के माध्यम से मौसमी बीमारी से बचाव के लिए जागरूक कराने के निर्देश दिए। साथ ही जिले के नागरिकों को बीमार होने पर दवा खाने और आवश्यक सुझाव का पालन करने के लिए प्रोत्साहित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने सभी एसडीएम, तहसीलदार को बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का दौरा करने और बाढ़ से बचने के लिए आवश्यक व्यवस्था करने के निर्देश दिए।

- कलेक्टर कन्नौजे ने मौसमी बीमारी को लेकर भी दिए आवश्यक निर्देश

कलेक्टर डा. कन्नौजे ने जिले में खाद बीज की स्थिति का जायजा लेते हुए सहकारिता, अपेक्स बैंक, कृषि और जिला विपणन अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिस सहकारी समितियों में खाद बीज की मांग नहीं की जा रही हैए उसकी जांच कर वहां जरूरत के हिसाब से खाद बीज की मांग को अपने अधीनस्थ अधिकारियों के माध्यम से प्रस्तुत करें और सभी विभाग आपस में समन्वय बनाकर काम करें। किसी भी स्थिति में जिले के किसानों को खाद बीज की परेशानी नहीं होनी चाहिए। कलेक्टर ने एसडीएम और तहसीलदार को स्कूली बच्चों के जाति प्रमाण पत्र प्राप्त आवेदनों में आवश्यक दस्तावेजों की मांग कर बच्चों के प्रमाण पत्र शीघ्र बनाकर देने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने जिला शिक्षा अधिकारी से स्कूली बच्चों के पुस्तक और गणवेश वितरण के संबंध में जानकारी लेकर कहा कि सभी बच्चे अच्छे गणवेश के साथ समय पर स्कूल आएं, शिक्षक भी समय पर स्कूल पहुंचे, मध्यान्ह भोजन अच्छा होना चाहिए। इस बात का ध्यान रखें कि कोई भी जर्जर भवन में स्कूली बच्चे नहीं बैठे। इसी प्रकार आंगनबाड़ी के बच्चों के देखरेख के लिए कलेक्टर ने महिला एवं बाल विकास अधिकारी बृजेन्द्र सिंह ठाकुर को कहा कि कंचनपुर के आंगनबाड़ी केन्द्र जाकर वहां की स्थिति का अवलोकन करें और बच्चों के सुरक्षा संबंधित आवश्यक बाउंड्रीवाल आदि निर्माण संबंधी कार्य का रिपोर्ट प्रस्तुत करें। कलेक्टर ने एसडीओ ग्रामीण यांत्रिकी सेवा को कहा कि आंगनबाड़ी, स्कूल, सरकारी भवनों के निर्माण में गुणवत्ता के साथ कोई समझौता नहीं होगा। इसके साथ ही कलेक्टर ने आश्रम और छात्रावास में बच्चों की दाखिला की स्थिति की जानकारी ली। जिले के 17 गांवों में आयोजित किए गए धरती आबा जनजातीय उत्कर्ष ग्राम योजना शिविर का समीक्षा किया और कहा कि इस शिविर के लिए चिन्हांकित सभी योजनाओं के लाभ से वंचित हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ दें।

### ट्रक के पीछे टकराई बाइक एक युवक की मौत

**सीतापुर।** रथ यात्रा देखकर घर लौट रहे बाइक सवार ट्रक के पीछे जा टकराए। बाइक की टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दुर्घटना में गंभीर हुए एक युवक ने अस्पताल ले जाते समय रास्ते में दम तोड़ दिया जबकि गंभीर रूप से घायल एक युवक को प्राथमिक उपचार के पश्चात मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया गया है। वहीं मामली रूप से घायल युवक को प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई। इधर सड़क दुर्घटना में युवक की मौत के बाद उसके घर में मातम पसर गया है। जानकारी अनुसार सोमवार को तीन युवक एक बाइक में सवार होकर ग्राम राधापुर रथयात्रा देखने गए थे। तीनों युवक शाम को बाइक से घर वापस आ रहे थे और जैसे ही प्रतापगढ़ मांड नदी पुल पर पहुंचे तभी ट्रक के पीछे जा टकराए। दुर्घटना में दीपक अगरिया एवं दीपक उरांव गंभीर रूप से घायल हो गए जबकि बाइक सवार तीसरे युवक को मामूली चोटें आई। घटना के बाद तीनों को उपचार हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया।

## पाठ्य पुस्तक व किया गया साइकिल वितरण

# छात्राओं को तिलक व पुष्प गुच्छ भेंट कर मनाया गया शाला प्रवेश उत्सव

**पत्थलगांव।** इंदिरा गाँधी कन्या हाई स्कूल में नवीन शिक्षा सत्र पर विद्यालय पहुंचे छात्राओं का स्वागत उत्सव के रूप में किया गया। शाला विकास समिति के अध्यक्ष सदस्य भाजपा आइटी सेल की भारती शर्मा एवं स्कूल के सभी शिक्षकों की मौजूदगी में मां सरस्वती की वंदना के साथ की गई।

ततपश्चात स्कूल के छात्राओं ने शाला विकास समिति के आए अतिथियों का स्वागत स्वागत गीत से किया। इसके बाद सभी नवप्रवेशी छात्राओं को तिलक लगाकर एवं पुष्प गुच्छ भेंट कर स्कूली पाठ्यक्रम एवं नए छात्राओं को शासन द्वारा दी जाने वाली साइकिल वितरण की गई । इस मौके पर शाला विकास समिति की अध्यक्ष श्रीमती भारती शर्मा ने नव प्रवेशी छात्राओं को शुभकामनाएं देते उनका हौसला बढ़ाया। उन्होंने कहा आप अपनी मंजिल इन्हीं पुस्तकों के बदौतल पा सकती हैं। छात्राओं से रूबरू होते हुए शाला विकास समिति के सदस्य जितेन्द्र गुप्ता ने कहा कि आप सभी अपनी मंजिल को पा सकते है। बस पुस्तकों को अपना मित्र बना लीजिए इन पुस्तकों के बल बुते आप सभी अपने सभी सपने साकार कर सकते है। श्यामनारायण गुप्ता ने कहा सभी छात्राएं समय पर स्कूल आएं डिसिप्लिन में रहे सफ़लता आपके कदम चूमेगी। डॉक्टर बीएल भगत ने कहा कि स्कूल का कोई भी छात्रा राज्य के टॉप टेन में अपनी जगह बनाती है तो उन्हें 25 हजार रु का इनाम दिया जाएगा। श्रीमती उर्मिला पटेल ने कहा, सभी छात्राएं अपने शिक्षकों की बात माने और खूब मेहनत कर पढाई करे। श्रीमती सुचिता एक्का ने कहा यह स्कूल बड़ा स्कूल है सभी शिक्षक हुनरमंद है इनसे अपने सवाल को ज्यादा से ज्यादा पूछें और आगे बढ़ते जाएं। इस दौरान इंदिरा गांधी कन्या स्कूल भवन के खस्ताहाल पर चर्चा की गई। पूर्व में शाला विकास समिति ने स्थानीय विधायक गोमती साय से मिलकर स्कूल भवन मरम्मत को लेकर आवेदन दिया था जिसपर विधायक ने जिला शिक्षा अधिकारी से भवन मरम्मत पर फोन में बात की थी, पर दो महीने बीत जाने पर भी कोई सुध नहीं लेने पर आज शाला विकास समिति के सदस्यों ने जिला कलेक्टर रोहित ब्यास से फोन पर भवन के खस्ताहाल की जानकारी दी। कलेक्टर रोहित ब्यास ने कहा कि मैं स्कूल मरम्मत से सबन्धित अधिकारियों एवं विधायक से बात करता हूं। अंत में स्कूल की प्रिंसिपल सुश्री केके इंदवार ने उपस्थित सभी छात्राओं को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए उन्हें खूब मेहनत करने कहा।



छात्राओं को पुस्तक भेंट करते अतिथि।

### सीएमएचओ को कारण बताओ नोटिस

**जशपुरनगर।** कलेक्टर रोहित व्यास ने मंगलवार को साप्ताहिक समय सीमा की बैठक लेकर मुख्यमंत्री जनदर्शन कलेक्टर जनदर्शन और टीएल के प्रकरणों को निराकरण गंभीरता से करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। कलेक्टर ने स्वास्थ्य विभाग के मुख्य चिकित्सा स्वास्थ्य अधिकारी को विशेष पिछड़ी जनजाति पहाड़ी कोरवा परिवारों के लिए स्वास्थ्य शिविर उनके बसाहटों में लगाने के लिए कहा है। उन्होंने कहा कि बारिश का मौसम है सभी स्वास्थ्य अमला मौसमी बीमारी से बचाव के लिए सारी तैयारियां सुनिश्चित रखें और सभी स्वास्थ्य केन्द्र में सभी जरूरी दवाइयां प्रर्याप्त मात्रा में रखने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने समीक्षा के दौरान स्वास्थ्य विभाग द्वारा प्रकरणों का निराकरण गंभीरता से नहीं करने पर गहरी नाराजगी व्यक्त की उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य विभाग आम नागरिकों से जुड़ा हुआ विभाग है इसमें लापरवाही बिल्कुल भी नहीं चलेगी कलेक्टर ने मुख्य चिकित्सा स्वास्थ्य अधिकारी डॉ जीएस जात्रा को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश संबंधित अधिकारी को दिए हैं।

## शिक्षक साझा मंच का मुख्यमंत्री के नाम एसडीएम को ज्ञापन



**पत्थलगांव।** शिक्षक साझा मंच छत्तीसगढ़ के प्रांतीय आह्वान पर शिक्षको ने अपनी चार सूत्रीय मांग को लेकर एसडीएम को ज्ञापन सौंपा है। शिक्षको की मांगों में क्रमोन्नति का जनरल आर्डर जारी करने, पूर्व सेवा की गणना कर पेन्शन सहित समस्त लाभ प्रदान करने, पदोन्नति में बी.एड. प्रशिक्षण की अनिर्वायतः शिथिल कर डी.एड. प्रशिक्षित शिक्षक संवर्ग को भी पूर्व की तरह पदोन्नति हेतु अवसर प्रदान करने, प्राचार्य के 10 प्रतिशत पदों पर विभागीय परीक्षा के माध्यम से तत्काल पूर्ति करने एवं 2 अगस्त 2024 के युक्तियुक्तकरण नियम के तहत हुए पदांकन को निरस्त कर 31 मार्च 2008 के सेटअप के आधार पर युक्तियुक्तकरण करने की मांग शामिल है। शिक्षकों ने कहा है 1 जुलाई 2025, दिन मंगलवार को प्रातः 12.00 बजे से शनि मंदिर पत्थलगांव धरना स्थल में धरना प्रदर्शन एवं एसडीएम कार्यालय तक रैली निकालकर मुख्यमंत्री,स्कूल शिक्षा मंत्री, वित्तमंत्री, मुख्यसचिव, स्कूल शिक्षा विभाग के सचिव, वित्त सचिव, डीपीआई के नाम ज्ञापन सौंपा गया। विकासखंड स्तरीय धरना में विकासखंड पत्थलगांव के शिक्षक साझा मंच के समस्त विकासखंड संचालक गण के साथ अधिक संख्या में शिक्षक समुदाय उपस्थित रहे।

### पर्यावरण का संरक्षण हमारा सामूहिक उत्तरदायित्वः प्रियंवदा

जशपुरनगर। पर्यावरण संरक्षण हम सबका सामूहिक उत्तरदायित्व है। भारत सहित पूरे विश्व का मौसम चक्र तेजी से बदल रहा है। इसका असर आसमान से लेकर समुद्र तक देखा जा सकता है। अगर आज भी हम नहीं चेते तो आने वाली पीढ़ी हमें कभी माफ नहीं करेगी। यह बातें राज्य महिला आयोग की सदस्य प्रियवंदा सिंह जूदेव ने कही। वे शहर के बालाजी मंदिर के पास स्थित अपने नीजि कार्यालय में शहर के समाज प्रमुखों से पर्यावरण संरक्षण पर चर्चा कर रही थी।



# धनुष ने शेयर की खून से लथपथ हाथों की तस्वीर...

**मुंबई।** धनुष ने मंगलवार को इंस्टाग्राम पर अपनी आगामी फिल्म 'तेरे इश्क में' की एक खास तस्वीर शेयर की है। इस तस्वीर में दो हाथ खून से लथपथ नजर आ रहे हैं। इस तस्वीर के साथ धनुष ने फिल्म की शूटिंग को लेकर अहम जानकारी शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा, और यह एक लपेट है। धनुष की इस पोस्ट के बाद यूजर्स लगातार कमेंट कर अपनी राय पेश कर रहे हैं।एक यूजर ने लिखा, 'थलाइवा का इंतजार है', एक और यूजर ने लिखा, 'पता नहीं क्यों, लेकिन इस तस्वीर ने मुझे भावुक कर दिया', एक और यूजर ने लिखा, 'इसका इंतजार कर रहा हूं', एक और यूजर ने लिखा, 'कब रिलीज होगी फिल्म'।

लाइफ Style

# वाणी

## हर वरदान में छिपा है एक शाप

एजेंसी ▶▶ मुंबई

हाल ही में अजय देवगन के साथ 'रेड 2' में नजर आईं अभिनेत्री वाणी कपूर अब अपना डिजिटल डेब्यू करने जा रही हैं। वो यशराज के नए शो में नजर आने वाली हैं, जो नेटफ्लिक्स पर रिलीज होना है। नेटफ्लिक्स इंडिया ने अपनी नई सीरीज का पोस्टर जारी कर दिया है, इसमें वाणी कपूर प्रमुख भूमिका में नजर आने वाली हैं।

पोस्टर के साथ ही इसकी रिलीज डेट भी सामने आ गई है। नेटफ्लिक्स की ओर से अपनी नई सीरीज 'मंडाला मर्डर्स' का पोस्टर जारी किया गया है। पोस्टर में वाणी कपूर के साथ सुरवीन चावला, गुल्लक फेम एक्टर वैभव राज गुप्ता और अभिनेत्री श्रिया पिलगांवकर नजर आ रही हैं। पोस्टर में वाणी बंदूक ताने दिख रही हैं, जबकि सुरवीन चाहला हाथ जोड़े महिला नेता के किरदार में नजर आ रही हैं। जबकि वैभव राज गुप्ता बियर्ड लुक में आंखों पर ब्लैक चश्मा लगाए दिख रहे हैं। पोस्टर में श्रिया पिलगांवकर काफी सजी-धजी खड़ी हैं। पोस्टर को शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा गया, 'हर वरदान में एक श्राप छिपा है। मोल चुकाने का वक्त जल्द आने वाला है।' इसके साथ ही इस सीरीज की रिलीज डेट की भी घोषणा कर दी गई है। नेटफ्लिक्स की ये नई सीरीज 25 जुलाई को रिलीज हो रही है। इसे यशराज फिल्म ने प्रजेंट किया है। वाणी कपूर हाल ही में अजय देवगन के साथ 'रेड 2' में नजर आई थीं। वो फिल्म में अजय देवगन के किरदार अमय पटनायक की पत्नी की भूमिका में नजर आई थीं। इसके अलावा सुरवीन चावला हाल ही में रिलीज हुए नेटफ्लिक्स के ही शो 'राणा नायडू'के दूसरे सीजन में दिखी थीं।



हॉलीवुड मसाला




# जुरासिक वर्ल्ड... 4 को होगी रिलीज

**लॉस एंजिल्स।** 'जुरासिक पार्क' फ्रैंचाइज की 7वीं और 'जुरासिक वर्ल्ड' सीरीज की चौथी फिल्म 'जुरासिक वर्ल्ड रीबर्थ' शुक्रवार, 4 जुलाई को रिलीज होने वाली है। स्कारलेट जोहानसन और जोनाथन बेली स्टारर इस फिल्म के फर्स्ट रिव्यूज आ गए हैं, और इनमें इसे खतरनाक और बेहतरीन बताया जा रहा है। फिल्म के एक्शन सीक्वेंस और वीएफएक्स की तारीफ हो रही है। प्रीमियर शोज देखने वालों का कहना है कि यह फिल्म स्टीवन स्पीलबर्ग के ग्रैंड अंदाज की याद दिलाता है।



# 'सुपरमैन' ने मुंबई में समंदर के बीच की लैंडिंग

**मुंबई।** सोमवार की रात बांद्रा-वर्ली सी लिंक पर सुपरमैन ने लैंडिंग की, जिसका नजारा देख हर कोई हैरान था। दूर से नीले रंगों से सजा ये सी लिंग सुपरमैन वाले अवतार से जगमगा रहा था। 11 जुलाई को वार्नर ब्रदर्स की फिल्म की रिलीज से पहले मुंबई में समंदर के बीच ये नजारा देख लोग काफी खुश दिखे हैं। अपनी फिल्मों के प्रमोशन के लिए मेकर्स क्या नहीं करते। वार्नर ब्रदर्स 11 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली जेम्स गन के डायरेक्शन में बनी 'सुपरमैन' ने सीधे मुंबई के बांद्रा-वर्ली सी लिंक पर लैंडिंग कर डाली है। अब ट्विटर पर लोग बांद्रा-वर्ली सी लिंक के वीडियो और तस्वीरें लगातार शेयर कर रहे हैं। इन झलकियों में निर्देशक जेम्स गन की आने वाली डीसी फिल्म 'सुपरमैन' की तस्वीरें नजर आ रही हैं। एक ने कहा- सुपरमैन ने मुंबई में बांद्रा-वर्ली सी लिंक पर कब्ज़ा कर लिया है।



# शेयर की 'दिल थाम के' का बीटीएस वीडियो

**मुंबई।** राजकुमार राव की मालिक फिल्म का गाना 'दिल थाम के' दर्शकों का बेहद पसंद आया। इस गाने में हुमा कुरैशी ने धांसू डांस किया है। वहीं, मंगलवार को हुमा कुरैशी ने सोशल मीडिया पर इसका एक बीटीएस वीडियो शेयर कर फैंस को खुश कर दिया है। बॉलीवुड एक्ट्रेस हुमा कुरैशी ने आज राजकुमार राव की फिल्म मालिक का गाना 'दिल थाम के' का एक शानदार बीटीएस वीडियो शेयर कर फैंस को खुश कर दिया है। हुमा ने इस बीटीएस वीडियो के साथ कैप्शन में लिखा, 'बहुत खुशी के साथ शूट किया गया... और आप लोग गाने को जो प्यार दे रहे हैं, वह इसे और बेहतर बना रहा है। हुमा की इस पोस्ट पर फैंस जमकर कमेंट कर अपनी राय शेयर कर रहे हैं। एक फैन ने लिखा, शानदार प्रदर्शन कभी भी आसान नहीं होता।



# नए लुक के कारण आए चर्चा में...

**मुंबई।** गोविंदा का डांसिंग स्टाइल आज भी बॉलीवुड में पॉपुलर है। हाल ही में वह अपने एक नए लुक के कारण चर्चा में आए हैं। गोविंदा का सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें वह कार में बैठे हैं। एक व्यक्ति उन्हें कुछ समझा रहा है। इसी वीडियो को जब यूजर्स ने देखा तो उनका ध्यान गोविंदा के नए लुक पर गया। इस लुक को कुछ यूजर्स ने पसंद किया तो, कुछ को गोविंदा का लुक बिल्कुल भी नहीं भाया है। वायरल वीडियो में गोविंदा की मूंछों ने यूजर्स का ध्यान अपनी तरफ खींचा है। इस लुक को देखकर ही एक यूजर ने लिखा, ये तो शत्रुघ्न सिन्हा लग रहे हैं। एक अन्य यूजर को गोविंदा का मूंछों वाला लुक पसंद नहीं आया, वह लिखता है, ये पतली मूंछें गोविंदा पर अच्छी नहीं लग रही हैं। एक अन्य यूजर्स ने गोविंदा का लुक देखकर कमेंट किया।

टीवी मसाला



# फोर मोर शॉट्स प्लीज के फाइनल सीजन का ऐलान

**नई दिल्ली।** अगर आप भी प्राइम वीडियो की पॉपुलर सीरीज 'फोर मोर शॉट्स प्लीज'के प्रशंसक हैं, तो अब आपके लिए एक अच्छी खबर है। क्योंकि, आपके इस पसंदीदा शो का नया सीजन आने वाला है, जो कि सीरीज का फाइनल सीजन भी होगा। प्राइम वीडियो ने सीरीज के चौथे सीजन की घोषणा कर दी है। साथ ही इसका एक नया पोस्टर भी जारी किया है। जिसके साथ कैप्शन में लिखा गया है कि फाइनल सीजन के लिए शॉट्स मंगा लीजिए। इस सीरीज में आज की महिलाओं की जिंदगी के उतार-चढ़ाव को दिखाया गया है। सीजन 4 में शो की लीडिंग लेडीज दामिनी, अंजना, सिद्धी और उमंग ये जानने वाली हैं कि उन्हें किसी और का नंबर वन बनने की जरूरत नहीं, बल्कि वो खुद अपनी लाइफ की हीरो हैं। क्योंकि, खुशी कोई लग्जरी नहीं, बल्कि जीने का एक तरीका है। इस बार कुछ नए चेहरे भी नजर आएंगे और शो की फेमस गर्ल्स ट्रिप्स तो हैं ही। फाइनल सीजन की कास्ट की बात करें तो इसमें सयानी गुप्ता, कीर्ति कुल्हारी, बानी जे और मानवी गगरू जैसे मुख्य किरदारों के साथ लीजा रे, प्रतीक बब्बर, राजीव सिद्धार्थ, अंकुर राठी और मिलिंद सोमन सरीखे स्टार्स भी नजर आएंगे। अरुणिमा शर्मा और नेहा पार्टी मादियानी द्वारा निर्देशित इस सीजन को देविका भगत ने लिखा है। इसके डायलॉग्स ईशिता मोइत्रा के हैं। हालांकि, अभी चौथे सीजन की रिलीज डेट जारी नहीं की गई है।

## नहीं छोड़ रही हैं तारक मेहता का उल्टा चश्मा

**नई दिल्ली।** 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' जहां एक तरफ दर्शकों के चहेते शो होने की वजह से चर्चा में हमेशा रहता है, वहीं लंबे समय से इस सीरियल के कलाकारों के बिखरने को लेकर चर्चा में है। दिशा वकानी, झील मेहता, भाव्या गांधी, गुरुचरण सिंह सोढ़ी जैसे तमाम कलाकारों के 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' छोड़ने के बाद अगला नाम बबीता जी का आ रहा था। लोग कहने लगे थे कि अब बबीता जी के रोल में नजर आनेवालीं मुनमुन दत्ता ने भी इस शो को अलविदा कह दिया है। हालांकि, अब मुनमुन दत्ता ने इन खबरों पर खुद ही चुप्पी तोड़ते हुए वीडियो शेयर किया है। उन्होंने अब खुद ही इन खबरों पर सफाई दे दी है और कन्फर्म किया है वह 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' नहीं छोड़ रही हैं। उन्होंने वीडियो शेयर किया है, जिसमें वो इस शो के अगले एपिसोड की शूटिंग करती नजर आ रही हैं। इस वीडियो में अय्यर के घर की झलकियों के साथ ही मुनमुन के मेकअप रूम की भी झलक नजर आ रही हैं।



# रामायण की शूटिंग खत्म, इमोशनल राम ने लक्ष्मण को कसकर लगाया गले

*मुंबई। बॉलीवुड की मोस्ट अवेटेड फिल्मों में से एक नितेश तिवारी की 'रामायण'की शूटिंग पूरी हो चुकी है। निर्देशक ने सोमवार रात इस फिल्म की शूटिंग खत्म होने पर एक पार्टी रखी जहां भगवान राम बने रणबीर कपूर और लक्ष्मण की भूमिका निभा रहे रवि दुबे के अलावा कई कलाकार और क्रू के साथ निर्देशक नितेश तिवारी खुद मौजूद थे। इस फिल्म से अपने अंतिम सीन की शूटिंग के बाद भगवान राम बने रणबीर कपूर अपने लक्ष्मण यानी रवि दूबे से कसकर गले लगते दिखे। इसी पार्टी के बाद रणबीर अपनी फैमिली के साथ हॉलीडे पर रवाना हो चुके हैं। वहीं, बताया जा रहा है 3 जुलाई को 11 बजे 'रामायण' की पहली झलक पूरी दुनिया के सामने ऑफिशियली दिखाई जाएगी। अब इस इवेंट के कुछ विजुअल सोशल मीडिया पर नजर आए हैं। इन वीडियोज़ में जहां रणबीर 'रामायण' और भगवान राम को लेकर बातें करते दिख रहे हैं, वहीं 'लक्ष्मण' के साथ मिलकर केक काटते भी दिखे। इस मौके पर रणबीर के अलावा निर्देशक तिवारी ने भी कुछ इमोशनल बातें कहीं। इस फिल्म 'रामायण' के मेकर्स द्वारा इसकी झलक दिखाने की जोर-शोर से चर्चा है। हालांकि, सेट से कई तस्वीरें और वीडियो पहले सामने आ चुके हैं। लेकिन, फैन्स को अभी तक इस फिल्म से कोई ऑफिशियल पोस्ट या तस्वीरें नहीं मिली है और इसलिए इसे लेकर लोगों में काफी उत्साह है।*



# तलाक के चार साल बाद फिर प्यार में

**मुंबई।** साउथ एक्ट्रेस सामंथा रुथ प्रभु इन दिनों फिल्मों से ज्यादा अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर चर्चाओं में बनी हुई हैं। पिछले काफी वक्त से एक्ट्रेस का नाम 'द फैमिली मैन'फेम डायरेक्टर राज निदिमोरु के साथ जोड़ा जा रहा है। दोनों एक-दूसरे के प्यार में हैं और अक्सर दोनों की एकसाथ तस्वीरें भी सामने आती रहती हैं। जिसके बाद दोनों के रिलेशनशिप को लेकर और भी पुष्टि होती है। हालांकि, राज की एक शादी हो चुकी है। फिलहाल अब उनके फैंस को इंतजार है कि सामंथा कब अपने रिश्ते को ऑफिशियल करती हैं। नागा चैतन्य से तलाक के बाद अब सामंथा पूरी तरह से अपनी जिंदगी में आगे बढ़ चुकी हैं। राज निदिमोरु के साथ उनके रिलेशनशिप की खबरें अब अक्सर ही बी-टाउन का हॉट टॉपिक बनती रहती हैं। बीते दिनों सामंथा की तस्वीर भी काफी चर्चा में रही थी जिसमें वो राज के काफी करीब दिख रही थीं। इस तस्वीर के सामने आने के बाद खबरें ये भी आई थीं कि सामंथा राज के साथ लिवइन में रहने वाली हैं। लेकिन बाद में सामंथा की टीम ने इन खबरों को खारिज किया था। लेकिन, अक्सर सामंथा और राज एकसाथ नजर आते हैं। जिससे दोनों के अफेयर के अफेयर की चर्चाएं अब लगभग पक्की हो चुकी हैं। अब मीडिया रिपोर्ट्स में ये दावा किया जा रहा है कि इस साल के अंत तक सामंथा अपने रिश्ते को ऑफिशियल कर सकते हैं। दोनों जल्द ही अपने इस रिश्ते को एक नाम भी दे सकते हैं। राज निदिमोरु की बात करें तो वो 'द फैमिली मैन' और 'गुलाब एंड गन्स' वाले राज और डीके की जोड़ी वाले राज हैं। राज निदिमोरू एक शादी कर चुके हैं। उन्होंने 2015 में श्यामली डे से शादी की थी।



## कहानी से लेकर बदली तकनीक, लेकिन थिएटर के लिए करती हैं संघर्ष

# बाल फिल्मों के मामले में बच्चा ही रह गया बॉलीवुड

*नई दिल्ली। हाल ही में बच्चों की एक फिल्म देखी, 'चिड़िया'। जीवन की विसंगतियों के बीच सच्ची, सरल और दिल को छूने वाली बालसुलभ कहानी एक लंबे अरसे के बाद देखने को मिली। दुनियाभर के कई प्रतिष्ठित फिल्म फेस्टिवल्स में सराही गई 'चिड़िया'ने भारत में भी समीक्षकों और दर्शकों के दिलों में जगह बनाई। मगर हमारे यहां बच्चों की फिल्में इतनी कम क्यों बनती हैं?*

### पुराने हालात

दुनिया में सबसे ज्यादा फिल्में भारत में बनती हैं। भारतीय सिनेमा 111 साल का बुजुर्ग हो चुका है, लेकिन बाल फिल्म बनाने के मामले में अब भी बच्चा ही है। समय के साथ सिनेमा में तकनीक, कहानियां, विषय - सब कुछ बदलता चला गया, लेकिन बाल फिल्मों के हालात नहीं बदले। वे पहले भी कम बनाई जाती थीं और आज भी कम बनाई जाती हैं।

### फिल्म ने छोड़ी गहरी छाप

कमाल की बात यह है कि गिनती की होने के बावजूद इन फिल्मों का असर बहुत गहरा है। तारे जमीन पर, सीक्रेट सुपर स्टार, स्टेनली का डब्बा, धनक, निल बटे सन्नाटा, जजंतरम ममंत्रम, चिल्लर पार्टी, छोटा चेतन, मिस्टर इंडिया जैसी फिल्मों ने बच्चों के साथ बड़ों को भी लुभाया है। पहले के दशकों में बूट पॉलिश, काबुलीवाला, ब्रह्मचारी, दो कलियां, मासूम जैसी फिल्मों ने बच्चों के मासूम मनोविज्ञान पर छाप छोड़ी।



### फिल्म में किया गया यादगार काम

बालीवुड में बच्चों की मौजूदगी अक्सर सबप्लॉट या गानों के बहाने होती है। पूरी फिल्म को बच्चों के नजरिए से कहना अब भी फिल्मकारों के लिए टेढ़ी खीर है। हिंदी फिल्म जगत में कुछ नाम जरूर रहे, जिन्होंने बाल मन को खंगाला। इनमें गुलजार ने परिचय और किताब जैसी फिल्मों में बच्चों की भावनाओं को सहजता से दर्शाया। विशाल भारद्वाज ने ब्लू अम्ब्रेला और मकड़ी में बच्चों की कल्पना और डर की दुनिया को छूने का साहस दिखाया। आमिर खान 'तारे जमीन पर'से डिस्लेक्सिया जैसे संवेदनशील विषय को केंद्र में लेकर आए। बंगाली सिनेमा की बात करें, तो सत्यजीत रे ने बाल फिल्मों की जो विरासत दी, वह आज भी मिसाल है।

**फिल्म में उदासीनता की वजह :** सवाल है कि दुनिया का सबसे बड़ा फिल्म उद्योग कहलाने वाला भारत बाल फिल्मों को लेकर इतना उदासीन क्यों है? वजह साफ है, हमारे देश में फिल्मकार बच्चों को सीरियस ऑडियंस नहीं मानते। उधर, अभिभावकों को लगता है कि बच्चों को अगर कुछ दिखाना है, तो घर पर ही टीवी पर दिखाया जा सकता है।

### हॉलीवुड से सीखें

*देश में बच्चों की फिल्मों का मार्केट है, तभी हैरी पॉटर या होम अलोन जैसी हॉलीवुड फिल्में यहां आकर रेकॉर्ड तोड़ कमाई करती हैं। हम बजट में उनका मुकाबला नहीं कर सकते, लेकिन 'स्टेनली का डिब्बा' सरीखी मासूम कहानी जरूर बना सकते हैं।*

### सितारों का साथ

*ध्यान देने वाली बात यह भी है कि जब बच्चों की फिल्मों को बड़े सितारों का साथ मिला, तो दर्शकों ने खुलकर सराहा। भूतनाथ में अमिताभ बच्चन और शाहरुख खान, तारे जमीन पर में आमिर खान, मकड़ी में शबाना आजमी, मिस्टर इंडिया में अनिल कपूर-श्रीदेवी - इन सभी उदाहरणों ने यह साबित किया है कि स्टार पावर से बच्चों की फिल्में भी मुख्यधारा में जगह बना सकती हैं।*

खबर संक्षेप

## नालसा के मार्गदर्शन पर अभियान 30 सितम्बर तक

**घरघोड़ा।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एनएएलएस और सुप्रीम कोर्ट की मध्यस्थता एवं सुलह परियोजना समिति एमसीपीसी लंबित मामलों के निपटारे के लिए 1 जुलाई से 90 दिनों का राष्ट्र के लिए मध्यस्थता अभियान चलाएंगे। अखिल भारतीय मध्यस्थता अभियान 30 सितंबर तक जारी रहेगा। अभियान का उद्देश्य तालुका अदालतों से लेकर उच्च न्यायालयों तक की अदालतों में लंबित उपयुक्त मामलों को निपटाना और विवाद समाधान के लोगों के अनुकूल तरीके के रूप में देश के हर नुक्कड़ और कोने में मध्यस्थता ले जाना है। विज्ञप्ति में कहा गया है सीजेआई भारत के मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई और न्यायमूर्ति सूर्यकांत, भारत के सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश और नालसा और एमसीपीसी के कार्यकारी अध्यक्ष के मार्गदर्शन मेंए राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण और एमसीपीसी द्वारा 90 दिनों के लंबे मध्यस्थता राष्ट्र के लिए अभियान की अवधारणा बनाई गई है।

## श्रमजीवी पत्रकार संघ उपाध्यक्ष बने श्याम

**घरघोड़ा।** श्याम भोजवानी को छत्तीसगढ़ श्रमजीवी पत्रकार कल्याण संघ का प्रदेश उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। वे पूर्व में प्रदेश संयुक्त सचिव तथा बिलासपुर संभाग के उपाध्यक्ष जैसे महत्वपूर्ण दायित्वों का निर्वहन कर चुके हैं। उनके योगदान को देखते हुए पूर्व प्रदेश अध्यक्ष व वर्तमान संरक्षक आशिफ इकबाल की अनुशंसा पर प्रदेश अध्यक्ष बीडी निजामी तथा प्रदेश महासचिव शशांक दुबे ने यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी उन्हें सौंपी।

## सेवानिवृत्त हुए जलसंसाधन विभाग के चौकीदार

**पुसौर।** जल संशाधन विभाग में लंबे समय तक चौकीदार पद पर कार्यरत रहे पदमन साहू के सेवानिवृत्ति के अवसर पर अनुविभागीय अधिकारी नायक के दिशा निर्देश व मार्गदर्शन एवं कार्यालय के सभी कर्मचारियों के प्रयास में एक विदाई समारोह का कार्यक्रम कार्यालय में ही आयोजित हुआ जिसमें वरिष्ठ एसडीओ विश्वाल भी शामिल रहे। जानकारी के मुताबिक यह कार्यक्रम कार्यालय परिवार के बीच ही रही, जिसमें पदमन साहू को मुख्य अतिथि की आसंदी से इन्हें ससम्मान बिठाया गया। इस बीच कार्यालय के लोगों ने इनके साथ बिताए क्षणों को साझा किया वहीं वरिष्ठ एसडीओ विश्वाल ने इनके द्वारा अपने विभाग के निर्माण कार्यो में जो भूमिका रहती थी उसे अवगत कराया। लगभग 2 घंटे तक चले इस कार्यक्रम के अंत में इन्हें अपनी अपनी उपहार भेंट किए।

## शनिवार को मौसी घर से लौटेंगे महाप्रभु जगन्नाथ

**घरघोड़ा।** भगवान श्रीजगन्नाथ जी अपनी बहन सुभद्रा और भाई बलराम के साथ शनिवार को अपने मूल निवास जगन्नाथ मंदिर, घरघोड़ा में भव्य शोभायात्रा के साथ वापस लौटेंगे। रथ यात्रा के दौरान लाखों श्रद्धालुओं ने दर्शन कर पुण्य लाभ प्राप्त किया। प्रभु 27 जून को तीनों स्वरूपों के साथ अपनी मौसी के घर गुंडिचा मंदिर के लिए रवाना हुए थे। परंपरा के अनुसार, हर वर्ष आषाढ़ शुक्ल द्वितीया को रथ यात्रा निकाली जाती है और भगवान कुछ दिन मौसी के घर ठहरने के बाद बहुड़ा यात्रा वापसी यात्रा करते हैं। वापसी यात्रा की विशेष तैयारियां पंडित गिरिधर पंडा ने बताया कि बहुड़ा यात्रा के लिए मंदिर समिति द्वारा व्यापक तैयारियां की गई हैं। मंदिर को भव्य रूप से सजाया गया है और शहर भर में आध्यात्मिक उत्सव का वातावरण बना हुआ है। सुरक्षा के कड़े इंतज़ाम किए गए हैं और प्रशासन ने यातायात और श्रद्धालुओं की भीड़ को नियंत्रित करने हेतु विशेष व्यवस्था की है। रथ यात्रा में भाग लेने वाले भक्तों में विशेष उत्साह देखने को मिल रहा है। बड़ी संख्या में लोग भगवान के रथ को खींचने के लिए उमड़ रहे हैं, जिसे पवित्र कर्म माना जाता है। मंदिर प्रांगण में भजन.कीर्तन, प्रसाद वितरण और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन भी किया जा रहा है। महत्वपूर्ण तिथियाँ रथ यात्रा प्रस्थान 27 जून बहुड़ा यात्रा वापसी शनिवार, 5 जुलाई यह यात्रा न केवल धार्मिक आस्था का केंद्र है, बल्कि सामाजिक एकता, भक्ति और सांस्कृतिक परंपरा का जीवंत प्रतीक भी है।

### पुलिस ने आरोपी को बिना गिरफ्तार किए ही सुलझाया मामला, जेवरात बरामद

# दोस्त ने किया विश्वासघात, उसी ने अतिथि बुटिक से चुराए थे सोने के बिस्किट व कैश

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

कोतवाली थाना क्षेत्र के सोनिया नगर में अतिथि बुटिक से लाखों की चोरी मामले का भांडाफोड़ हुआ है। दोस्त ने ही दोस्ती में विश्वासघात करते हुए अपने दोस्त के घर से सोने के बिस्किट, जेवरात व कैश को पार किया था। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किए बिना ही इस मामले को सुलझा दिया है। हालांकि फरार आरोपी के तलाश करने की बात कही जा रही है।

दरअसल 25 जून को अनूप अग्रवाल (55) निवासी सोनिया नगर ने थाना कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज करायी थी। उन्होंने बताया कि वे कपड़े के व्यवसायी हैं। 22 जून को वे अपनी पत्नी के साथ शहर से बाहर थे, उनका बेटा आदित्य अग्रवाल घर में मौजूद था। पूछताछ में आदित्य ने बताया कि उस रात उसका दोस्त पंडित धीरज तथा तीन स्टाफ घर में मौजूद थे, जो देर रात चले गए। अगले दिन जब स्टाफ पहुंचे तो आदित्य की तबियत ठीक नहीं थी, जिसे परिचितों ने अस्पताल ले जाकर इलाज कराया। 23 जून को जब आदित्य ने घर के दूसरे मंजिल का आलमारी चेक किया तो वहां रखे चार सोने के बिस्किट गायब थे, साथ ही ग्राउंड फ्लोर ऑफिस से 340000 नगदी, दो इस्तेमाली सोने की अंगूठी भी चोरी हो गई थी। चोरों ने बचने के लिए बुटिक में लगे सीसीटीवी डीवीआर और पीओई स्विच भी निकाल लिए थे।





### ऐसे पता चला दोस्त ही है चोर

पुलिस को अहम सुराग तब मिला जब सर्किट हाउस के सामने हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी निवासी मीर रिजवान अली ने जानकारी दी कि उसका बचपन का मित्र धीरज शर्मा उर्फ पंडित धीरज घटना के अगले दिन सुबह उससे मिला था। धीरज ने उसे एक थैला रखने दिया और कहा कि फोन मत करना, बाद में आकर अपना सामान ले जाएगा। धीरज की हरकतें संदिग्ध लगने पर मीर ने थैला खोला तो उसमें रुमाल में लिपटा चार सोने का बिस्किट और चांदी देखकर वह हैरान रह गया। मीर ने तुरंत पुलिस को सूचना दी, इसके बाद पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए चार सोने की बिस्किट और तीन चांदी का सिल्ली, 3 अंगूठी जब्त कर लिया है, जिनकी कुल कीमत 42 लाख रुपए से अधिक बताई जा रही है।

### फरार आरोपी की चल रही तलाश

पुलिस ने घटना के दिन से ही आरोपी धीरज शर्मा की गतिविधियों को खंगालना शुरू किया। पूछताछ में प्रार्थी, उसका पुत्र आदित्य और अन्य गवाहों से भी महत्वपूर्ण जानकारियां मिली हैं। आरोपी धीरज शर्मा अपने साथ कुछ अन्य सोने-चांदी के जेवर और नगदी लेकर फरार है। पुलिस उसकी सरगर्मी से तलाश कर रही है। मुख्य आरोपी को जल्द ही गिरफ्तार कर बचा हुआ माल जप्त करने की बात कही जा रही है।

### पहले से था परिचितों पर शक

घटना की गंभीरता को देखते हुए एसपी दिव्यांग कुमार पटेल और कोतवाली थाना प्रभारी सुखनंदन पटेल की टीम मौके पर पहुंची थी। प्रारंभिक जांच में ही पुलिस को अंदरूनी व्यक्ति की संलिप्तता का अंदेशा हो गया था। इसके बाद प्रार्थी, उसके पुत्र और परिचितों पर नजर रखते हुए संदिग्धों से पूछताछ की जा रही थी। वहीं अज्ञात आरोपियों के खिलाफ अपराध अपराध दर्ज कर आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे थे।

### प्रतिष्ठित मंदिर का पुजारी है आरोपी

बताया जा रहा है कि आरोपी धीरज शर्मा शहर के प्रतिष्ठित निकले महादेव मंदिर का पुजारी है। उसके द्वारा इस तरह के कृत्य को अंजाम देने से शहर में चर्चाओं का बाजार गर्म है। हालांकि आरोपी के इस कारनामे से मंदिर प्रबंधन का कोई लेना देना नहीं है।

### तलाश जारी

फरार आरोपी को पकड़ने के लिए कोतवाली थाने की पुलिस व साइबर सेल की टीम लगी हुई है। अभी तक उसके बारे में कोई सुराग नहीं मिला है, लेकिन जल्द ही उसे गिरफ्तार करने का प्रयास जारी है।

सुखनंदन पटेल, टीआई कोतवाली



## सरिया में 25 सालों से जमे डॉक्टरों के तबादले की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ सरिया

25 वर्षों से पदस्थ डॉक्टरों के तबादला होने के बाद भी संशोधित आदेश जारी कर तबादला रोक दिए जाने से एनएसयूआई कार्यकर्ताओं में तीव्र रोष व्याप्त है। इसके लिए एनएसयूआई कार्यकर्ताओं ने बुधवार को तहसीलदार सरिया को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन देकर मांग किया है कि छत्तीसगढ़ शासन द्वारा डॉक्टरों के तबादला आदेश को निरस्त न किया जाए। और यहां पदस्थ डॉक्टरों का तबादला जिस जगह में किया गया है वहां भेजा जाए, अन्यथा एनएसयूआई आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। जिसके संपूर्ण जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।

छत्तीसगढ़ स्वास्थ्य विभाग में बड़े पैमाने पर तबादला हुआ है। चिकित्सा शिक्षा विभाग द्वारा आदेश जारी किया है। जिसमें सारंगढ़ बिलाईगढ जिले के स्वास्थ्य विभाग में लंबे समय से पदस्थ डाक्टरों के तबादला होने के बाद भी संशोधित आदेश के तहत बादला रोक दिया गया है। जिसको लेकर एनएसयूआई कार्यकर्ताओं ने आज बुधवार को तहसील कार्यालय सरिया में पहुंचकर मुख्यमंत्री के नाम तहसीलदार कोमल साहू को ज्ञापन सोपा है। तहसीलदार कोमल साहू को सौंप गए ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि सारंगढ़ जिले के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लंबे समय से पदस्थ दो डॉक्टर आर एल सिदार और डॉ सुरेश कुमार खूंटे का हाल ही में तबादला क्रमशः पत्थलगांव और कोडागांव किया गया था। जनता आस लगाए बैठी थी कि सारंगढ़ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र को कर्म प्रधान डॉक्टर मिलने जा रहा है। जो कि शासकीय अस्पताल में भर्ती मरीजों को अच्छे से इलाज व समय की उपलब्धता प्रदान करें। एनएसयूआई ब्लाक अध्यक्ष निखिल डनसेना ने आरोप लगाया है कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सारंगढ़ में पदस्थ डॉक्टर सरकारी समय में खुद की निजी क्लीनिक में अपना समय देते हैं। जो की पूर्ण रूप से सरकारी हॉस्पिटल में भर्ती मरीजों के जान से खिलवाड़ है। व सरकारी नियमों का उल्लंघन को दर्शाता है।

## सरिया में गरीब बच्चों की सुध ले प्रशासन

**सरिया।** नगर के एक प्राइवेट स्कूल विगत 4 साल से बंद होने पर आरटीई बच्चों के सुध प्रशासन द्वारा नहीं लिए जाने से जागरूक नागरिकों ने इसकी शिकायत प्रशासन से करते हुए उचित जांच करवाई की मांग की है। लंबे समय से प्राइवेट स्कूल के संबंध में जागरूक नागरिकों ने प्रशासन से गुहार लगाते हुए छात्र-छात्राओं के हित में कार्य करने की मांग किया गया। लेकिन अभी तक प्रशासन द्वारा कोई उचित कार्रवाई नहीं की गई। इसके कारण जागरूक नागरिकों ने तहसीलदार सरिया को ज्ञापन देते हुए कार्रवाई की मांग की है।

शिक्षा का अधिकार के तहत निजी स्कूलों में पढ़ने वाले छात्रों की शिक्षा बाधित न हो। इसके लिए प्रशासन को स्कूल बंद होने की स्थिति में तत्काल हस्तक्षेप करना चाहिए। विशेष रूप से आरटीई छात्रों को सरकारी स्कूलों या अन्य निजी स्कूलों में समायोजित करने की व्यवस्था की जानी चाहिए। ताकि उनकी पढ़ाई और छात्रवृत्ति का लाभ नहीं मिल सके। इसी गंभीर समस्या को लेकर आज बुधवार को एक बार की नगर के जागरूक नागरिकों ने तहसीलदार सरिया को ज्ञापन देकर मांग किया है कि नगर के 34 वर्ष पुराना चेतना राष्ट्रीय विद्या मंदिर बंद होने पर यहां के आरटीई छात्रों की स्थिति को लेकर ज्ञापन सोपा है।



तहसीलदार को सौंपेंगे ज्ञापन में लिखा गया है की चेतना राष्ट्रीय विद्या मंदिर विगत 4 साल से बंद है। लेकिन तथाकथित लोगों के द्वारा उक्त भवन पर एक अन्य प्राइवेट स्कूल का संचालन किया गया। बताया गया कि आरटीई के तहत पढ़ रहे करीब 46 छात्रों का सुध प्रशासन द्वारा क्यों नहीं लिया गया तथा इन छात्रों की वर्तमान में क्या स्थिति है। इनको मिलने वाले छात्रवृत्ति राशि किसने हड़प लिया है। आदि बिंदुओं पर जांच हेतु प्रशासन से बार.बार निवेदन किया गया लेकिन प्रशासन की कुंभकरणी नींद अब तक नहीं खुली है। नागरिकों ने बुधवार को एक बार फिर तहसीलदार सरिया कोमल साहू को ज्ञापन देकर चेतना राष्ट्रीय विद्या मंदिर की जांच की मांग की है। मुरली पाणिग्राही ने बताया कि प्रशासन को यह तय करना चाहिए कि आरटीई छात्रों को नए स्कूलों में समायोजित करने के बाद उनकी पढ़ाई बाधित न हो और उन्हें सभी आवश्यक सुविधाओं प्रदान की जाए तथा शासकीय भवन में प्राइवेट स्कूल संचालक पर भी अब तक कोई कार्रवाई नहीं की गई है।

## नगर निगम में 6 कर्मचारी सेवानिवृत्त

**रायगढ़।** एक उम्र के बाद शासकीय कार्य से सेवानिवृत होने की परंपरा है। इसे निभाना होता है, लेकिन सेवानिवृत निगम के हर एक कर्मचारियों के साथ निगम परिवार हमेशा साथ रहेगा। उक्त बातें सोमवार 30 जून को निगम के सभाकक्ष में आयोजित विदाई समारोह में महापौर जीवर्धन चौहान ने कही। 30 जून सोमवार को निगम के पंप अटेंडेंट अनिल मिश्रा, प्यून आरजू सांडे, सफाई दरोगा कमलेश मिश्रा, प्यून राम नारायण तिवारी, नरसिंह माली, सुरेश यादव सेवानिवृत हुए। सभी ने निगम के अंतर्गत 20 से 30 वर्ष तक की सेवा दी। इस मौके पर उन्हें ससम्मान निगम परिवार द्वारा विदाई दी गई। महापौर श्री चौहान ने कहा कि वर्षो से आप सभी ने निगम में अपने कार्य क्षमता का परिचय देते हुए बेहतर परिणाम दिए। अब सेवानिवृत के बाद आप सभी अपने परिवार जनों को समय देते हुए बहुमूल्य समय बिताएंगे।

## करोड़ों की सड़क अधर में, बारिश में लोगों का चलना हुआ मुश्किल

**सरसीवा।** सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले के उपतहसील सरसीवा के समीप ग्राम पंचायत सरधाभाठा के मुख्य मार्ग जो पेंड्रावन ग्राम से होकर कोसीर जाने वाली मुख्य मार्ग गड्ढों में तब्दील हो चुका है। जहां चलने में अब लोगों को परेशान होना पड़ रहा है। सड़क की दुर्दशा को लेकर ग्रामीणों में आक्रोश भी पनप रहा है।

पूर्व में सड़क निर्माण को लेकर स्थानीय नेताओं व ग्रामीणों के अथक प्रयास से मुख्य सड़क निर्माण का टेंडर स्वीकृत हुआ था। एमएम पेण्ड्रावन,सरधाभाठा, बालपुर कोसीर पहुंच पक्की सड़क मार्ग चौड़ीकरण मजबूतीकरण जिसमें 7 किमी लम्बाई स्वीकृत हुआ है। जानकारी हो कि निर्माणाधीन सड़क मार्ग को ठेकेदार द्वारा उक्त सड़क में 5 पुल पुलिया निर्माण कर शेष काम आज पर्यन्त तक अधूरा छोड़ दिया गया, ग्रामीण आज भी नए सड़क निर्माण की आस लगाए बैठे हुए है। जबकि सड़क के लिए लगभग 16 करोड़ राशि मद से स्वीकृत था। वर्तमान में सड़क के ऊपर बरसात के पानी घर जाने से अत्यंत जर्जर एवं जानलेवा गढ्डे में तब्दील हो चुका हैं, उक्त मार्ग में पैदल चलने से लेकर दो पहिया व चार पहिया वाहन और यात्री बसे भी इसी मार्ग से आवा गमन करने को मजबूर है। वही आसपास के ग्रामीण लोग अपनी जान जोखिम में डाल कर मजबूरीवश इस मार्ग पर आवा गमन कर रहे है। आपको बता दे कि यहां कभी भी कोई बड़ी दुर्घटना घट शक्ति है। खास कर सड़क में गढ्डे पे गढ्डे होने के कारण स्कूली बच्चे से लेकर राहगीर भी आए दिन छोटी बड़ी हादसों का शिकार हो रहे है, वही उक्त सड़क का हाल इतना खराब है कि चार पहिया वाहन चलाना तो दूर दो पहिया वाहन भी चलना दूभर हो गया है, अस्वस्थ पीड़ति व्यक्ति के लिए एम्बुलेंस नही चल पा रहा है। बालपुर से कोसीर मांग हेतु बाईपास मार्ग के लिए 1.5 किमी भू अर्जन का मामला शासन से पास होकर बिलाईगढ़ कार्यालय जाकर अधर पर लटके नजर आ रही है। फाइल के सभी कागजात कार्यालय की धूल खा रहा है संबंधित किसान को मुआवज़ा तक नही मिल पाया ना ही चेक हो पाया है।



## प्रभावित न हो सफाई कार्य यह करें सुनिश्चित : कमिश्नर

**रायगढ़।** शहर की सफाई व्यवस्था सर्वोपरि है। इसमें यदि सफाई कर्मचारी ज्यादा अनुपस्थित रहते हैं, तो वैकल्पिक तौर पर कार्य करें। शहर की सफाई कार्य किसी भी हाल में प्रभावित न हो यह सुनिश्चित करें।

उक्त बातें निगम कमिश्नर बृजेश सिंह क्षत्रिय ने मंगलवार को आयोजित टी एल समय सीमा सह कार्यो की समीक्षा बैठक में कही। सबसे पहले कलेक्टर जनदर्शन, मुख्यमंत्री जनदर्शन, लोक शिकायत पोर्टल से संबंधित आवेदनों पर चर्चा की गई। इस दौरान उन्होंने एक एक आवेदन पर किए गए कार्रवाई की जानकारी ली। इसमें कई आवेदनों पर समय सीमा पर कार्रवाई नहीं की गई थी। इसपर उन्होंने नाराजगी जाहिर करते हुए शीघ्र ही आवेदनों एवं शिकायतों पर कार्रवाई करते हुए निराकरण करने के निर्देश दिए। इस दौरान कमिश्नर श्री क्षत्रिय ने स्पष्ट तौर पर कहा कि जनदर्शनए लोक शिकायत पोर्टल एवं कार्यालय में आए आवेदनों पर समय सीमा के भीतर करवाई एवं निराकरण होना चाहिए। समय सीमा के भीतर आवेदनों एवं शिकायतों पर निराकरण नहीं होने की स्थिति पर संबंधितों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## बड़ी दुर्घटना से पहले सड़क का बनना जरूरी

**पुसौर।** पुसौर के बोरोडिपा चौक से रायगढ पहुंच मार्ग के मुंहाने के कुछ दूर तक सड़क पिछले कई वर्षो से कच्चा है। जिसे शासन प्रशासन के लोग बखूबी जानते हैं। बावजूद इसके सड़क को ठीक करने का प्रयास नहीं किया जा रहा है। ना ही नए सिरे से सड़क बन रहा है। ऐसी स्थिति में सड़क पर कभी भी कोई बड़ी दुर्घटना हो सकती है। वर्तमान स्थिति में बरसात के चलते रोड में बड़े बड़े गढ्ढे बन चुके हैं, जिसमें पानी भी भरा होता है। जहां बाईक व फोर व्हीलर फसते रहते हैं। इसमें खासकर बाइक सवार लोग दुर्घटनाग्रस्त हो रहे हैं। जब से बरसात प्रारंभ हुआ है तब से प्रतिदिन सायकिल सवार स्कूली छात्र, बाईक में आ रहे छात्र-छात्रा एवं शासकीय कर्मचारी किचड और दुर्घटना से बाल बाल बचते रहे हैं। प्रत्यक्ष दर्शियों के मुताबिक इसमें से दर्जनों कीचड में सराबोर होने के कारण या तो वो ड्यूटी नहीं जा रहे या तो स्कूल अटेंड नहीं कर रहे हैं। रोड की यह स्थिति कई सालों से बनी हुई है जिस पर अब तक के शासन प्रशासन के लोगों ने कोई स्थाई हल नहीं निकाला है। बताया जाता है कि मुहाने की यह भूमि विवादित है जिसका मामला न्यायालय में लंबित है इसलिए चाह कर भी इसमें स्थाई रूप से रोड नहीं बनाया जा रहा है। लेकिन जनता का इसमें ये सवाल है कि जब कोई व्हीआईपी आते हैं तो उस दरमियान इस रोड को तत्काल चुस्त दुरूस्त कर दिया जाता है।

### आयुक्त ने किया देर रात तक शहर के जल भराव क्षेत्र का निरीक्षण

# कच्ची नाली निकाल कर जल भराव को किया गया नियंत्रित

**रायगढ़।** मंगलवार की शाम हुई तेज बारिश से शहर के विभिन्न स्थान मोहल्लों पर जल भराव की स्थिति निर्मित हुई, जिसपर कच्ची नाली निकालकर, नाली के मुहानों पर जमे कचरा को जेसीबी से निकलवाकर एवं पानी निकासी के लिए वैकल्पिक व्यवस्था कर पानी निकासी बहाल किया गया। इससे कुछ ही समय में जल भराव की स्थिति सामान्य हुई। इस दौरान देर रात तक निगम आयुक्त बृजेश सिंह क्षत्रिय ने जल भराव क्षेत्र का निरीक्षण किया।

मंगलवार की शाम अचानक करीब 3 घंटे तक तेज बारिश हुई। इससे शहर के निचले स्तर पर जल भराव की स्थिति निर्मित हो गई थी। इसे लेकर कमिश्नर बृजेश क्षत्रिय ने पैठु डबरी लए निर्मल लॉज, संजय काम्पलेक्स, सिद्धि विनायक कॉलोनी, इंदिरा नगर, भगवानपुर, कृष्ण कुंज कॉलोनी,न्यू होराइजन स्कूल, रामभाठा सब स्टेशन, मोहदापारा पुल, चांदगीराम पुल, किसान राइस मिल के पीछे निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान बाढ़ निवारण की टीम भी साथ थे। इस दौरान भगवानपुर में नाले से जलकुंभी निकल गया, जिससे पानी निकासी बहाल हुई। इसीतरह न्यू होराइजन स्कूल कॉलोनी में जल भराव होने पर जेसीबी से कच्ची नाली निकालकर पानी निकासी बहाल कराया गया। किसान राइस मिल के पीछे नाले के मुहाने पर जलकुंभी एवं बड़ी मात्रा में कचरा फंसा हुआ थाए जिसे जेसीबी के माध्यम से निकल गया और अपनी निकासी की स्थिति बनाई गई। इसी तरह बेलादूला खेतपारा में नाली पर घर बनने अतिक्रमण होने एवं पानी निकासी के लिए नाली नहीं होने के कारण यहां ज्यादा जल भराव की स्थिति निर्मित हो गई थी। पानी निकासी के लिए नाली एवं स्थल जगह नहीं होने के कारण यह स्थिति निर्मित हुई। इसपर सब्बल, रापा के माध्यम से एक दीवार को तोड़कर पानी निकासी के लिए कच्ची नाली बनाया गया।



### संभावित स्थानों पर कराई गई नाले की सफाई

बुधवार की सुबह गैंग लगाकर जल भराव की संभावित स्थानों पर सफाई कराई गई। इसमें संजय मार्केट, बावली कुआं, रामनिवास टॉकीज एवं खेतपारा क्षेत्र में सुबह से दोपहर तक नलों में जमे कचरा एवं मालवा को निकाला गया। कमिश्नर श्री क्षत्रिय ने नालों से पानी निकासी अच्छी तरह बहाल रहे ऐसे सभी चिन्हांकित स्थानों के नालों में फंसे कचरा, जलकुंभी एवं मलबे को निकालने के निर्देश सफाई हमले को दिए हैं।

### रेलवे ठेकेदार को एफआईआर की चेतावनी

रेलवे द्वारा चौथी लाइन के विस्तार कार्य के कारण संजय नगर स्थित पानी निकासी के पुल को पाट दिया गया था। इसमें पानी निकासी के लिए एक कम चौड़ाई का ह्यूम पाइप डाल गया था, क्योंकि संजय नगर से लगे करीब 8 वार्ड का पानी यहां से निकासी होता है। इसमें पानी निकासी के लिए कम स्थान मिलने और आवश्यकता के अनुरूप पानी निकासी नहीं होने पर यहां ज्यादा जल भराव की स्थिति निर्मित हो गई थी। इसे देखते हुए निगम कमिश्नर श्री क्षत्रिय ने रेलवे प्रबंधन से स्थिति को अवगत कराते हुए चर्चा की एवं पत्र लिखते हुए ठेकेदार के विरुद्ध एफ आई आर करने की चेतावनी दी। चेतावनी के बाद बुधवार की सुबह से ही ठेकेदार द्वारा उक्त स्थान पर हाइड्रा एवं गैंग लगाकर तत्काल कार्य शुरू किया गया एवं ह्यूम पाइप को निकालकर पाटे गए मिट्टी को निकाला गया। इससे यहां अब पानी निकासी अच्छी तरह से बहाल होगी और जल भराव की स्थिति निर्मित नहीं होने की संभावना रहेगी।

## आयुर्वेद चिकित्सालय में रक्तदान शिविर

**रायगढ़।** छग आयुर्वेद अधिकारी संघ रायगढ़ के तत्वाधान में शासकीय जिला आयुर्वेद चिकित्सालय मे रक्त दान शिविर का आयोजन किया गया जिसमें कुल 20 यूनिट रक्त दान किया गया। जरूरत मंद लोगों को उचित समय पर रक्त ब्लड बैंक में मिल सके। रक्त दान एक अनूठी पहल है जिसे आयुर्वेद अधकारी संघ ने पहल कर आयोजित किया उक्त संबध मे रेड क्रॉस एवं डॉ जगत सर ने सक्रिय सहयोग किया उक्त कार्य क्रम में मुख्यतः सीएमएच ओ डॉ अनिल जगत, सिविल सर्जन डॉ दिनेश पटेल, रेड क्रॉस के अध्यक्ष डॉ उराव, जिला आयुष अधिकारी डॉ गौराहा, जिला अध्यक्ष डॉ कुणाल पटेल, महामंत्री डॉ अजय नायक, जिला संरक्षक समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

online Booking:-www.tripuryatra.com
Individual & Group Tour
Honeymoon Tours
School Collage Tour
25 जुलाई, 14 अगस्त, 11 सितंबर, 3 अक्टूबर, 13 नवंबर, 18 दिसंबर, 24 दिसंबर 2025 (10 दिन)
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), काठमांडू (बूढ़ा नीलकंठ, बुद्ध स्तूप, काठमांडू दरबार), पशुपतिनाथ, जनकपुर (सीता मैया का जन्म स्थान),
राशि:-स्लीपर 13,500/-, 3 एसी 22,500/-, 2 एसी 25,500/-(+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D 36 Sector 4 Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

कोर्स स्पॉट काउंसलिंग
•DMLT- डिप्लोमा इन मेडिकल लैब टेक्नीशियन
•MPW - पोस्ट डिप्लोमा इन मल्टी पर्पस हेल्थ वर्कर
•EMT-पोस्ट डिप्लोमा इन इमरजेंसी मेडिकल टेक्नीशियन
•OT टेक्नीशियन
•डिप्लोमा इन नर्सिंग सुपरवाईजरपोस्ट
•ग्रेजुएट डिप्लोमा इन फिजिशियन असिस्टेंस
•ड्रेसर • डिप्लोमा इन डेंटल असिस्टेंस
APPROVED BY NSDC CENTER NO. 69240
पैरामेडिकल एवं नर्सिंग कोर्स
10वीं एवं 12वीं के छात्रों के लिए नर्सिंग में एक/द्वि वर्षीय कोर्स
100% नौकरी में सहयोगी पाठ्यक्रम
योग्यता 10वीं एवं 12वीं
सीमित सीट उपलब्ध
अस्पतालों या पैथोलैब में कार्यरत विद्यार्थियों के पत्राचार एवं साप्ताहिक सुविधा उपलब्ध
आकाश एजुकेशनल एकेडमी
रजनीश बुक डिपो सामने, केरा रोड, तिवारी काम्प्लेक्स जांजगीर (छ.ग.) मो. 8770638375, 9399743304